दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली ।। मंगलवार 21 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 221 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





# ‘4 जून को सुबह 6 बजे स्ट्रांग रूम से बाहर आएंगी ईवीएम’

## सुबह 8 बजे शुरू होगी गाजियाबाद लोकसभा की मतगणना, मतगणना स्थल पर रहेगी भारी सुरक्षा व्यवस्था

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चार जून को लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने हैं और इसकी मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना वाले दिन की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक जिला मुख्यालय के सभागार में आयोजित की। जिसमें लोकसभा बागपत-11 और गाजियाबाद-12 को लेकर तमाम तरीके की चर्चा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मतगणना को स्वच्छ, पारदर्शी और निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से कराए जाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी प्रत्याशी व उसके एजेंट प्रात छह बजे मतगणना स्थल पहुंच जाएंगे। उनकी मौजूदगी में ही सभी स्ट्रांग रूम के ताले खोले जाएंगे ताकि पूरा कार्य पारदर्शितापूर्ण शुरू हो। प्रत्याशी और प्रतिनिधियों को प्रारूप-18 उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वह अपने एजेंट नामित कर सकें।





### जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### सुबह छह बजे खुलेंगे स्ट्रांग रूम के ताले, होगी वीडियोग्राफी

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को जानकारी दी है कि 4 जून को जो सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ होनी है। उसके लिए सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुबह छह बजे से मतगणना स्थल पर उनको पहुंचना है। उनकी मौजूदगी में ही स्ट्रांग रूम के ताले खोले जाएंगे। वहीं इसकी वीडियोग्राफी भी होगी। वहीं सुबह छह बजे से यहां अधिकारी और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी और उनके एजेंट के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।



### एक विधानसभा के लिए बन सकते हैं 15 एजेंट

करंट क्राइम : जानकारी है कि 4 जून को होने वाली मतगणना में अलग-अलग विधानसभा में अलग-अलग प्रत्याशियों और पार्टी के एजेंट मौजूद रहेंगे। इसमें एक विधानसभा में 15 एजेंट रह सकते हैं। उनको पास बनवाना होगा। साथ ही आने-जाने और प्रवेश के साथ ही भोजन में अन्य व्यवस्थाओं में शामिल होने वाले एजेंट को भी अपने पास के लिए पहले ही आवेदन करना होगा। बिना पास के किसी को भी मतगणना कक्ष व स्थल के मुख्य द्वार गोविंदपुरम अनाज मंडी में एंट्री नहीं दी जाएगी।

### बैठक में यह अधिकारी रहे उपस्थित

करंट क्राइम : बैठक में गाजियाबाद-12 लोकसभा व बागपत-11 के लोकसभा प्रत्याशी, प्रतिनिधियों के साथ ही एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम एलए शैलेंद्र कुमार भाटिया, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ. पूजा गुप्ता, डीआईओ गाजियाबाद योगेंद्र प्रताप सिंह सहित निर्वाचन की व्यवस्था में शामिल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोनी विधानसभा में होंगे गणना के 38 चक्र तो साहिबाबाद में 41 और गाजियाबाद में 37

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि ईवीएम के वोटों की गिनती विधानसभा वार होगी। जिसमें लोनी-53 में 530 मतदान स्थलों के 6 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए एक मतगणना हॉल में उसमें 14-01 टेबल लगाई जाएगी। जिसकी गणना 38 चक्र में होनी है। इसके साथ ही मुरादनगर-54 में 515 मतदान स्थलों के 12 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए एक मतगणना हॉल में उसमें 14-01 एक टेबल लगाई जाएगी। जिसकी गणना 37 चक्कर में होगी। साहिबाबाद-55 में 1127 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम हैं। जिसकी गणना के लिए मतगणना हॉल दो उसमें 14 + 1 और 14 + 1 टेबल लगाई जाएगी। जिसकी मतगणना लगभग 41 चक्र में होगी। वहीं गाजियाबाद-56 विधानसभा में 506 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए मतगणना जो एक व उसमें 14 टेबल लगाई गई जाएगी। जिसमें 37 चक्र में मतगणना होगी। इसके साथ ही मोदीनगर-57 में 387 मतगणना स्थलों के पांच स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए एक मतगणना हॉल में उसमें 14 + 1 टेबल लगाई जाएगी। जिसकी गणना 28 चक्र में होगी। इसके साथ ही पोस्टल वॉलेट व ईटीपीबीएस की मतगणना हॉल संख्या सात में होगी और सात टेबल मतगणना लगाई जाएगी।

**गाजियाबाद-56 विधानसभा में 506 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम हैं**

**साहिबाबाद-55 में 1127 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम हैं**

### साहिबाबाद में होंगे मतणाना के सबसे ज्यादा 41 चक्र

करंट क्राइम : गाजियाबाद लोकसभा सीट में एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद विधानसभा में गणना के सबसे ज्यादा चक्र 41 रहेंगे। वहीं लोनी में चक्रों की यह संख्या 38 रहेगी। तो मुरादनगर में 37 और गाजियाबाद में यह संख्या-37 और मोदीनगर में 28 क्रम में गणना पूरी होगी।

## यूपी में शाम 5 बजे तक 55% से ज्यादा वोटिंग, बाराबंकी में बंपर मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग हुई। पांचवें चरण में 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हुए। वोटिंग सुबह 7 बजे से शुरू हो गई थी। उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान हुए। जिनमें अमेठी, रायबरेली और लखनऊ भी शामिल हैं। कई दिग्गजों की किस्मत एश्ट में कैद हो गई है। राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बृजभूषण शरण सिंह के बेटे समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला अब 4 जून को आएगा।

राज्य में दोपहर 1 बजे तक 39.55 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। इससे पहले सुबह 11 बजे तक 27.76 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं सुबह 9 बजे तक 12.89 फीसदी वोटिंग हुई थी। यूपी की जिन 14 सीटों पर वोटिंग हो रही हैं। इसमें मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने पांचवें चरण में अपने 11 मौजूदा सांसदों को टिकट दिया है।

## लखनऊ में राजनाथ सिंह ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**लखनऊ।** लखनऊ में सुबह सात बजे से पहले ही मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं। हर उम्र के लोग उन कतारों में लगे नजर आए। बसपा सुप्रीमों मायावती ने लखनऊ में वोट डाला। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए स्कॉलर्स होम स्कूल में वोट डाला। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपना वोट डालें। एनडीए 400 सीटें लेकर आएगा। लखनऊ में शाम पांच बजे तक 49.88 प्रतिशत व मोहनलालगंज में 60.10 प्रतिशत मतदान हुआ। देशभर में अपनी कला-संस्कृति, साहित्य और तहजीब के लिए मशहूर लखनऊ 1962 से मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सका है। उस वर्ष 58.49 प्रतिशत वोट पड़े थे। साल 1991 में मतदान प्रतिशत 33.23 ही रहा। अचानक से मत प्रतिशत में गिरावट हुई तो राजनेता भी चकित रह गए।

## राहुल गांधी ने मतदान केंद्रों का किया भ्रमण

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूपी में 14 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जा रहा है। रायबरेली सीट पर भी आज ही मतदान हो रहा है। इस सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रत्याशी हैं। सोमवार को मतदान के दिन राहुल रायबरेली पहुंचे। जहां उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।वह जिले में पहुंचने पर सबसे पहले चुरुआ हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया और फिर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। हाई प्रोफाइल लोकसभा सीटों में शुमार रायबरेली और अमेठी में दांव पर असली प्रतिष्ठा तो गृहमंत्री अमित शाह और राहुल गांधी की लगी है। असल में, रायबरेली में भाजपा से दिनेश सिंह और अमेठी में कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा तो चेहरे मात्र हैं। इन दो सीटों पर तीन प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, गृह मंत्री, चार डिप्टी सीएम, चार पूर्व सीएम समेत 50 से अधिक दिग्गजों ने प्रचार किया। सोमवार को अब जनादेश की बारी है।

सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद कांग्रेस से राहुल गांधी ने तीन मई को रायबरेली और अमेठी में किशोरी लाल शर्मा ने परचा भरा था।

# मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में हुई बदमाश और पुलिस की मुठभेड़

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : थाना मधुबन बापूधाम पुलिस में हत्या के प्रयास के आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पुलिस आरोपी को शस्त्र बरामदगी के लिए पूछताछ पर लेकर खाली स्थान पर पहुंची, जहां उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए आरोपी निखिल उर्फ काले निवासी मुरादनगर को मुठभेड़ के बाद दबोचा है। उसके गोली दाहिने पैर पर लगी है, जबकि इस मुठभेड़ में अंडर ट्रेनिंग उप निरीक्षक गौरव के बाएं हाथ को गोली छूती हुई निकल गई। घायल आरोपी और उप निरीक्षक का उपचार कराया गया है।



फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि निखिल उर्फ काले पर मुरादनगर थाने में दो मुकदमे दर्ज थे। उसका भी विवरण प्राप्त किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि निखिल उर्फ काले ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। जिस मामले में पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद दबोचा है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि पकड़े गए निखिल उर्फ काले से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक खोखा बरामद हुआ है।



### क्या कम फोर्स होने की वजह से भागा था आरोपी

करंट क्राइम : वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बड़ी संख्या में फोर्स अलग-अलग जनपदों में हो रहे लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने गया हुआ है। जानकारी मिली है कि रविवार की देर शाम पुलिस ने निखिल उर्फ काले को गिरफ्तार किया था। निखिल उर्फ काले को पूछताछ और शस्त्र बरामदगी के लिए अंडर ट्रेनी उप निरीक्षक साथ में गए थे। इसी दौरान उसने पुलिस पर फायर किया जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फिर उसे मुठभेड़ के बाद धरदबोचा। उधर चर्चा है कि कम फोर्स होने की वजह से अंडर ट्रेनिंग उप निरीक्षक को आरोपी के साथ भेजा गया था।

### आरोपी के बारे में मिले थे पुलिस को पुख्ता सबूत

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि आरोपी निखिल उर्फ काले ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था। उसके पुलिस को टेक्निकल सबूत मिला है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस के आधार पर गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ की जा रही थी, पुलिस माल बरामदगी के लिए गई। इसी दौरान यह भगाने का प्रयास करने लगा और पुलिस पर फायरिंग की। जिसके बाद पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद दबोचा है। वहीं घायल उप निरीक्षक गौरव की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक करवा चुके हैं अब तक 247 करोड़ की निगम भूमि को कब्जामुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब रहती है। उसे सुधारने के लिए अब नगर निगम सरकारी भूमि पर जो कब्जा मुक्त कराई गई है, उसे पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर ध्यान देगा ताकि हरियाली बढ़ाने के साथ ही गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति को सुधार आ जा सके। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जानकारी दी गई है कि नगर निगम के अंतर्गत आने वाले जो 5 जोन हैं, उसमें बीते 8 महीने के दौरान 247 करोड़ 80 लाख की भूमि को अब तक मुक्त और कब्जा मुक्त करने का काम कर चुकी है।

5 जोन मिलाकर अब तक लगभग 8.2374 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इसको लेकर नगर आयुक्त ने बैठक की। जिसमें अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, वरिष्ठ प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रभारी संपत्ति उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज की उपस्थिति में हुई। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी हुई।





### पर्यावरण सुधारने के लिए निगम देगा पौधरोपण पर ध्यान

### अर्थला की कब्जामुक्त भूमि पर होगा बड़ा पौधरोपण

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा जल्द ही अर्थला स्थित निगम की कब्जा मुक्त भूमि पर जो लगभग 10 एकड़ बताई जा रही है, वहां पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। इसका मकसद शहरवासियों को बढ़ते प्रदूषण से राहत दिलाना और वायु प्रदूषण की बिगड़ी हुई स्थिति को कंट्रोल करना रहेगा। इसके लिए नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं कि यहां बाउंड्री वॉल कराई जाए और पेड़ों की सुरक्षा के लिए ऐसा स्थान बनाया जाए ताकि यह पेड़ बड़े होकर लोगों को स्वच्छ हवा और छाया देने का काम करें।

**नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# चुनावी उम्मीदों में आ गया दावेदारी का नया अतुल गर्ग फार्मूला

## साइलेंट तरीके से पहुंचे कई दावेदार सत्ता-संगठन और संघ के द्वार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा सीट को लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई। अभी यह तय नहीं है कि यहां कौन चुनाव जीतेगा। चुनाव नतीजा आना बाकी है लेकिन उत्साहित दावेदार बहुत ज्यादा बेकरार हैं और दावेदारी कर रहे हैं। वो मानकर चल रहे हैं कि भाजपा इस सीट को जीत लेगी। लिहाजा लगातार दावेदारी चल रही है। इसकी एक वजह ये भी है कि यहां से भाजपा ने शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।



ये सीट भाजपा की विनिंग सीट रही है और डेढ दशक से इस सीट पर उसका कब्जा है। लिहाजा उत्साहित समर्थक ये मानकर चल रहे हैं कि उपचुनाव होगा और यहां पर दावेदारी का एक नया फामुर्ला आ गया है। इस फामुर्ले को अतुल गर्ग फामुर्ला कहा जा रहा है। ये फामुर्ला कई दावेदारों का पसंद आया है। अतुल गर्ग फामुर्ले वाले लोग इसकी मिसाल दे रहे हैं और वो बता रहे हैं कि अगर दावेदारी करनी है तो अतुल गर्ग की तरह साईलेंट रहकर दावेदारी करो। वो बता रहे हैं कि ये ऐसा फामुर्ला है जिसने वो काम जो कोई सोच नहीं सकता था। जिस टिकट को सबसे बोल्ड माना जाता था वो टिकट होल्ड हो गया और फिर इस टिकट पर दावेदारी कर रहे दो ए फेल हो गये और यहां बड़े सियासी खेल हो गये। जिन दो ए का नाम चल रहा था उनमें राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह और पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल फेल हो गये और तीसरे ए ने बाजी मार ली। ये तीसरे ए अतुल गर्ग थे। अतुल गर्ग ने कहीं दावेदारी नहीं की। कहीं अपना नाम नहीं चलाया और उन्होंने ऐसा फार्मेट बनाया जिसमें उन्होंने सबको समेट दिया। अब अतुल गर्ग फामुर्ला कई दावेदार अपना रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि कई ऐसे दावेदार हैं जिन्होंने लखनऊ से दिल्ली और नागपुर तक के दरवाजों पर दस्तक दी है और मस्तक टेका है। लेकिन उन्होंने इस दस्तक की हवा तक कहीं नहीं लगने दी है। लगातार वो उन स्थानों पर दावेदारी कर रहे हैं जहां से चीजें फाईनल होती है।



सूत्र बताते हैं कि दरवाजे भी तब खटखटाये गये है जब अन्य लोगों का ध्यान इधर नहीं था। अतुल गर्ग फामुर्ला कई दावेदारों को पसंद आया है और यहां पर केवल वो ही दावेदार नहीं हैं जो नजर आ रहे हैं बल्कि कई ऐसे दावेदार हैं जो नजर नहीं आ रहे है लेकिन वो पूरी मजबूती के साथ टिकट मांग रहे हैं।

### फेसबुक से लेकर फेस-टू-फेस भी नहीं हो रहे दीदार

करंट क्राइम। अतुल गर्ग का उदाहरण दिया जा रहा है और बताया जा रहा है कि उन्होंने साईलेंट दावेदारी की और अंदर ही अंदर वो टिकट के निकट हो गये। ऐसा माहौल बन गया कि सिटिंग सांसद के लिए हालात विकट हो गये। सब हैरान हैं और मिसाल भी दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि पांच से छह दावेदार ऐसे हैं जो गंभीरता के साथ दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन इन चेहरों ने शिक्षा के टॉपरों की तरह सोशल मीडिया से दूरी बना ली है। ये चेहरे फेसबुक से लेकर फेस-टू-फेस भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। अगर मिल भी रहे हैं तो फेस पर अपने चुनावी बेस की कोई बात नहीं कर रहे हैं। कोई पूछता भी है तो इंकार कर देते हैं। बात का सार ये है कि ये चेहरे अपनी दावेदारी कर रहे हैं और साईलेंट दावेदारी की ये तैयारी 4 जून के बाद भी जारी रहेगी और उम्मीदवारी वाली लिस्ट में नाम चौंका सकता है।

### उपचुनाव में रहे अलग-अलग नतीजे

करंट क्राइम। हालांकि अभी मतगणना होनी है और चुनाव का नतीजा आना है। लेकिन एक उम्मीद है कि दावेदारों को सोने नहीं देती। वो उपचुनाव तय मानकर चल रहे हैं। सबसे ज्यादा मेला भाजपा के यहां है और कई चेहरे ऐसे हैं जो साईलेंट दावेदारी कर रहे हैं। अगर चुनाव नतीजों पर निगाह डाले तो यहां अलग अलग नतीजे उपचुनाव के रहे हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा के बालेश्वर त्यागी को हराने के बाद कांग्रेस सुरेन्द्र गोयल ने लोकसभा चुनाव लड़ा और उन्होंने भाजपा के चार बार सांसद रहे रमेश चंद तोमर को हरा दिया। इसके बाद जब विधानसभा उपचुनाव हुआ तो यहां कांग्रेस के पक्ष में जनादेश नहीं आया। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने सतीश त्यागी, सपा ने सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, भाजपा ने सुनीता दयाल और बसपा ने मनीष पंडित को चुनाव मैदान में उतारा। यहां सपा और कांग्रेस के बीच टक्कर रही। चुनाव समाजवादी पार्टी के सुरेन्द्र कुमार मुन्नी जीते। कांग्रेस के सतीश त्यागी दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा की सुनीता दयाल तीसरे नंबर पर रहीं और बसपा के मनीष पंडित चौथे स्थान पर रहे। मेयर रहे तेलूराम काम्बोज के निधन के बाद उपचुनाव हुआ और इस उपचुनाव में भाजपा ने अशु वर्मा, कांग्रेस ने लालमन पाल को चुनावी मैदान में उतारा। यहां जनता ने मतदान में ही रूचि नहीं दिखाई लेकिन 17 प्रतिशत के मतदान में भाजपा 40 हजार प्लस वोट से चुनाव जीतकर आई। भाजपा 17 प्रतिशत के मतदान में 40 हजार वोटों से चुनाव जीती और इसी 17 प्रतिशत के मतदान ने कांग्रेस के उम्मीदवार लालमन पाल की जमानत जब्त हो गई।

# कांग्रेस इस लायक भी नहीं बची कि 400 सीट पर चुनाव लड़ सके : मुख्यमंत्री योगी



**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार 400 पार' के नारे गूंज रहे हैं। देश ही नहीं दुनिया भी आश्वस्त है कि 4 जून को क्या परिणाम आने जा रहा है। कांग्रेस के कारनामों के कारण देश की जनता ने उसे इस हाल में भी नहीं छोड़ा है कि वह 400 सीटों पर चुनाव लड़ सके। पंजाब में जहां माफिया का बोलबाला दिखता है, वहीं, यूपी में हमने ऐसे तत्वों को उलटा टांग दिया है। आज उनकी कब्र पर कोई मर्सिया पढ़ने वाला भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आप और कांग्रेस का गठबंधन जनकल्याण के लिए नहीं, बल्कि लूट-खसोट के लिए बना है। वह मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि से आए हैं और जगत जननी मां भगवती चंडी देवी तथा माता मनसा देवी के पावन दरबार को कोटि-कोटि नमन करते हैं। उन्होंने चंडीगढ़ को गुरुओं की साधना और उनकी भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम स्थल बताते हुए जनता का अभिवादन किया।

उन्होंने कहा कि जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, क्योंकि, जो राम का है, वही राष्ट्र का है और जो राम का नहीं है, वह किसी काम का नहीं है। कांग्रेस के बुद्धिदाता कहते हैं कि भारत में राम मंदिर नहीं बनना चाहिए था। उन्हें ये बात पहले कांग्रेस को ही कहना चाहिए था ताकि कांग्रेस राम मंदिर इटली में बनवा देती। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले नेता पहले न्यायालय को धमकाते थे कि राम मंदिर पर फैसला हुआ तो दंगे हो जाएंगे, खून की नदियां बह जाएंगी। हमने कहा कि यूपी में अब दंगा नहीं होगा, कोई दंगा करेगा तो उसको उलटा टांग देंगे। मैंने कहा था कि राम मंदिर पर फैसला जिस दिन होगा वो ब्रह्मांड का सबसे शांत दिन होगा। यूपी में अब दंगे नहीं होते हैं। अब यूपी में सड़क पर नमाज नहीं होती और मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतर चुके हैं। अब सब शांति से रहना चाहते हैं।

# भाजपा ने चुनाव में पैसा और प्रशासन का उपयोग किया : कमल नाथ

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पैसे और प्रशासन के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि इसके बावजूद कांग्रेस के लिए अच्छे नतीजे आने वाले हैं। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने के बाद कांग्रेस ने उम्मीदवारों के अलावा वरिष्ठ नेताओं की भोपाल में एक बैठक बुलाई। सोमवार को बुलाई गई बैठक में पहुंचे कमल नाथ ने साफतौर पर भाजपा पर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से लेकर हर सीट पर कोई कसर




नहीं छोड़ी है। चुनाव में पैसे और प्रशासन का इस्तेमाल किया गया है। इसके बावजूद मतदान के बाद कांग्रेस के लिए अच्छे नतीजे आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी ने समीक्षा के लिए प्रदेश प्रभारी महासचिव जितेंद्र भंवर सिंह की मौजूदगी में बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी 27 सीटों के कांग्रेस उम्मीदवारों को बुलाया गया। बता दें कि कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ ने दूसरी बार छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ा है। पिछला चुनाव नकुल नाथ ने 38 हजार वोटों के अंतर से जीता था। बीते लगभग 45 साल से छिंदवाड़ा कमल नाथ के गढ़ के तौर पर पहचाना जाता है। यहां सिर्फ एक ही चुनाव में कमल नाथ को हार का सामना करना पड़ा था, इसके अलावा सभी चुनाव में कमल नाथ या उनके परिवार के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं, इनमें से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सिर्फ एक छिंदवाड़ा सीट पर ही जीत हासिल की थी। जबकि, शेष 28 सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। कांग्रेस लगातार दावा कर रही है कि इस बार के चुनाव में उसके हिस्से में बड़ी सफलता आने वाली है। वहीं, भाजपा राज्य की सभी सीटों पर जीत का दावा कर रही है। खजुराहो संसदीय सीट समझौते में सपा को दी गई थी। मगर, सपा उम्मीदवार का नामांकन निरस्त हो गया था। इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इस तरह 29 में से 27 सीटों पर ही कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य में चार चरणों में मतदान हुए हैं और नतीजे चार जून को आएंगे।

## न्यूज डायरी

### लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 3 बजे तक 47.53 प्रतिशत मतदान, महाराष्ट्र सबसे पीछे



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत देश के 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर दोपहर 3 बजे तक 48 प्रतिशत के लगभग (47.53 प्रतिशत) मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। मतदान के राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो, दोपहर 3 बजे तक सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 62.72 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है। वहीं, सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में दर्ज किया गया है, जहां दोपहर 3 बजे तक 38.77 प्रतिशत मतदाताओं ने ही वोट किया है। अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की बात करें तो, दोपहर 3 बजे तक लद्दाख में 61.26, झारखंड में 53.90, ओडिशा में 48.95, उत्तर प्रदेश में 47.55, बिहार में 45.33 और जम्मू कश्मीर में 44.90 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

### नाना पटोले का सीएम योगी को लेकर विवादित बयान, बोले- 'सीता को चुराने भगवा कपड़े में आया था रावण'




**नागपुर।** अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले फिर चर्चा में हैं। इस बार नाना पटोले ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर विवादित बयान दिया है। जिस पर सियासी संग्राम मचा हुआ है। नाना पटोले ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने अन्न सुरक्षा कानून लाया था। इसके तहत ही मोदी सरकार बीते दस सालों से अनाज वितरित कर रही है। चीन से प्लास्टिक का चावल लाकर उसमें मिलावट करके लोगों को बांटा जा रहा है। इस मामले पर सीएम योगी क्यों चुप हैं? उन्होंने यहां तक कहा कि वह (सीएम योगी) अपने आप को संत बताते हैं और भगवा कपड़े पहनते हैं। सीता जी को जब रावण चुराने आया था तब वह भी भगवा कपड़ा पहन कर आया था। भगवा पहनकर गलत नीतियों का समर्थन करना गलत है। उन्होंने कहा कि आज चीन ने जिस तरह से देश की सीमाओं का अतिक्रमण करके रखा है, उसके बारे में सीएम योगी आदित्यनाथ क्यों नहीं बोलते? जब भारत के ऊपर उसका दुश्मन देश कब्जा करने की कोशिशों में लगा हुआ है, ऐसे में योगी आदित्यनाथ क्यों आवाज नहीं उठाते हैं। अपने देश पर दूसरा देश कब्जा कर रहा है और वो पीओके की बात कह रहे हैं। जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए योगी आदित्यनाथ ऐसे बयान देते रहते हैं।

### बीआरएस ने डायग्नोस्टिक केंद्रों की उपेक्षा के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता तथा तेलंगाना के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में राज्य के डायग्नोस्टिक हब बंद होने की कगार पर पहुंच गये हैं। राव ने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार के कार्यकाल में लोगों को मुफ्त डायग्नोस्टिक सेवा देने के लिए शुरू किये गये डायग्नोस्टिक हब मृत हो चुके हैं। पिछली सरकार द्वारा शुरू किये गये तंत्र का कांग्रेस सरकार के पांच महीने में ही खत्म हो जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने देश भर में 36 डायग्नोस्टिक सेंटर खोले थे जहां लोगों को 134 प्रकार की जांच नि:शुल्क उपलब्ध थी। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि गरीबों तथा आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए वित्तीय बोझ न उठाना पड़े। हर जिले में एक ऐसा केंद्र खोला गया था। लेकिन अब उनका अस्तित्व खतरे में है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि इन केंद्रों के कर्मचारियों को छह महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे प्रमाणित होता है कि कांग्रेस को आम लोगों के स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। उन्होंने इन डायग्नोस्टिक सेंटरों पर काम करने वाले डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के बकाया वेतन का तुरंत भुगतान करने की मांग की। राज्य सरकार ने 2021 में डायग्नोस्टिक केंद्रों की शुरूआत की थी। इन केंद्रों में मिलने वाली डायग्नोस्टिक सेवाओं में एक्स-रे, ईसीजी, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन शामिल हैं।

### मुझ पर लगे झूठे आरोपों के कारण मेरा बेटा भारी मतों से जीतेगा: बृजभूषण



**कैसरगंज।** निवर्तमान सांसद बृज भूषणशरण सिंह ने सोमवार को कहा कि महिला पहलवानों द्वारा उन पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के झूठे आरोपों के कारण उनके बेटे करण भूषण सिंह को इस चुनाव में भारी बहुमत मिलेगा। मतदान के बीच कैसरगंज में पत्रकारों से बात करते हुए बृज भूषण शरण सिंह ने कहा, उन पर लगे झूठे आरोपों के कारण करण को अधिक वोट मिलेंगे। कैसरगंज में केवल एक ही मुद्दा है, वह है बृजभूषण सिंह। उन्होंने कहा, वह जीतेंगे। करण भूषण सिंह मुझसे बेहतर काम करेंगे। वह अपने व्यवहार, बात करने के तरीके, अनुशासन और व्यायाम के लिए जाने जाते हैं। वह एक खिलाड़ी भी हैं। हम सभी गांव में रहते हैं और हमारे बच्चों का पालन-पोषण अच्छे से हुआ है। सिंह ने कहा कि कई व्यवधानों के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार भारी बहुमत के साथ तीसरी बार सत्ता में आएगी। कैसरगंज में एक मतदान केंद्र पर मतदान के बाद सिंह ने कहा, इस बार कैसरगंज के लोग उन्हें पिछली बार के मुकबाले दोगुने वोटों के साथ करण को विजयी बनाएंगे। अपने भविष्य के कदम के बारे में सिंह ने कहा, जीवन रेल की पटरियों की तरह नहीं है। जीवन एक नदी की धारा की तरह है, जो अपना रास्ता बदल लेती है। मैं वही करूंगा जो मेरे भाग्य में होगा।

### युवाओं को पता है उन्हें देशभक्त बनना है, अंधभक्त नहीं : मुकेश साहनी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में अलग-अलग राज्यों की 49 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इनमें बिहार की पांच सीट सारण, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और मधुबनी में भी वोट डाले जा रहे हैं। वोटिंग के बीच विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की प्रतिक्रिया सामने आई है। मुकेश सहनी ने कहा है कि जनता अपना मत का उपयोग कर रही है। देश के युवा मजबूती से मतदान कर रहे हैं। युवाओं को पता है हमें देशभक्त बनना है, अंधभक्त नहीं बनना है। लोकसभा चुनाव 2014 के बाद देश के युवा इस बात को समझ चुके हैं कि पीएम मोदी के अच्छे दिन आ गए हैं।

# जयंत चौधरी ने कृष्णपाल गुर्जर के लिए मांगे वोट, एनडीए को किसानों का हितैषी बताया

**पलवल।** राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी ने हरियाणा के अलावलपुर गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल एनडीए ही किसानों का हितैषी है। जनसभा को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि आज देश में दो दल चुनाव लड़ रहे हैं, एक एनडीए और दूसरा इंडिया गंठबंधन। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में खिचड़ी पक रही है। मैं तो उस गठबंधन में शामिल रहा हूं, हमने भी कोशिश की थी कि कुछ बने, लेकिन वहां नेताओं में कोई मेल नहीं, संबंध नहीं दिखा, जिसके चलते मुझे अलग होना पड़ा, एनडीए का हिस्सा बनना पड़ा।



उन्होंने एनडीए को किसानों की हितैषी बताते हुए कहा कि भाजपा ने किसानों का मान बढ़ाने के लिए किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी किसान, मजदूर की पार्टी है जो कई बार अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर भी बैठी है, लेकिन अब समय है कि राजनीतिक ताकत को मजबूत कर सरकारों को मजबूत किया जाए, ताकि किसानों को सबसे आगे रखा जा सके। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान करने अवश्य जाएं और किसी के बहकावे में न आएं।

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को अपना वोट देकर भारी बहुमत से जीताकर पीएम मोदी के हाथ मजबूत करना है, ताकि किसानों के हाथ मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि वोट देने से पहले ख्याल कर लेना कि आपके नेता और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह पीएम नरेंद्र मोदी ने ही दिया है। आज तक किसी ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यहां की जनता वैसे तो समझदार है, क्योंकि 2014 में भाजपा को जिताया और 2019 में उससे भी अधिक मतों से जिताया, जिससे लगता है इस बार यहां की जनता सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में एक कांग्रेस के नेता ने कहा है कि यदि कांग्रेस को वोट नहीं देनी तो टीएमसी को मत देना, चाहो तो भाजपा को ही दे देना। वहीं, टीएमसी की नेता कहती हैं कि हम इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन करेंगे, लेकिन दूसरे दिन कहती है, नहीं हम तो इंडिया गठबंधन के ही हिस्सा हैं। जब उनसे पूछा जाता है कि प्रधानमंत्री कौन होगा तो वह इस पर बोलने से बचते हैं, क्योंकि इंडिया गठबंधन में सभी प्रधानमंत्री हैं, कोई किसी की सुनता ही नहीं। आज मोदी सरकार के शासन में दुनिया के निवेशक बिजनेस करने के लिए भारत आना चाहते हैं। हमें छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।

## कुएं में दम घुटने से तीन युवकों की मौत

**सिलचर।** असम के कछार जिले में एक कुएं के अंदर दम घुटने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना जिले के लखीपुर थाना क्षेत्र में फूलेरताल इलाके की है। मृतकों की पहचान मोनोजीत देब (35), प्रोसेनजीत देब (28) और अमित सेन (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मोनोजीत और प्रोसेनजीत भाई थे जबकि अमित उनका पड़ोसी था।

मृतकों के परिजनों ने कहा, हम कुएं का पानी पीते थे। उसमें एक मुर्गी गिर गई थी। मोनोजीत कुएं को साफ करने के लिए उतरा था।₹ उन्होंने बताया कि प्रोसेनजीत और अमित मोनोजीत को बचाने के लिए कुएं में उतरे, लेकिन वे भी जिंदा नहीं निकल सके। मोनोजीत के छोटे भाई शंकर देब ने कहा, हमने एक बार कुएं की सफाई की थी, लेकिन रविवार सुबह आठ बजे मेरे भाई ने कुएं के अंदर कुछ देखा। वह उसे निकालने के लिए उतरा, लेकिन नीचे जाते ही बेहोश हो गया।

# हिमंता सरमा ने किया था दावा, राहुल गांधी चीन के संविधान की कॉपी दिखाते हैं, पवन खेड़ा ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के राहुल गांधी के चीन के संविधान की कॉपी वाले बयान पर कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने पत्र लिखकर जवाब दिया है। उन्होंने सीएम सरमा को लिखे पत्र में भारत के संविधान की किताब पढ़ने और हमेशा अपने साथ रखने की भी नसीहत दी। पवन खेड़ा ने संविधान की पॉकेट बुक भी शेयर की है। दरअसल, बीते दिनों सीएम सरमा ने दावा किया था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी रैलियों में भारत की बजाए चीन की संविधान की किताब दिखा रहे हैं। उनके इसी बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए उन्हें जवाब दिया है। पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारत के संविधान को लेकर असम के मुख्यमंत्री सरमा की अपमानजनक टिप्पणी को सुनकर मैंने आज उन्हें भारत के संविधान का पॉकेट बुक संस्करण प्रेषित किया। आग्रह भी किया कि वे इसे पढ़ें और सदैव अपने हैंड बैग में रखें।" कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सीएम सरमा को लिखी चिट्ठी भी शेयर करते हुए लिखा, "आशा है आप स्वस्थ होंगे और चुनाव परिणामों को लेकर जो चिताएं भाजपा के सर्वोच्च नेतृत्व को हो रही है, उनका दुष्प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर नहीं पड़ रहा होगा। आपकी टिप्पणियां सुनकर आपके स्वास्थ्य की चिंता रहती है। क्या करूं, मेरी पार्टी के संस्कार ही कुछ ऐसे हैं कि भले ही अब आप हमारे साथ ना रहे हों, ईश्वर से आपके स्वास्थ्य व लंबी आयु की कामना करता हूं। भारत के संविधान को लेकर आपकी अत्यंत





आश्चर्यजनक टिप्पणी सुनकर मन व्यथित तो हुआ ही, भारी चिंता भी हुई। जब संविधान की शपथ लेने वाले मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री आदि यूं बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की धज्जियां उड़ाएं तो देश पर छाए खतरे के बादल स्पष्ट दिखने लग जाते हैं।" उन्होंने आगे लिखा, "आज आपको यह बताना आवश्यक है कि आखिर संविधान है क्या? संविधान समाज के हर व्यक्ति को उसकी सरकारों के तानाशाही रवैये व समाज में एक-दूसरे के अधिकारों में खलल डालने की प्रवृति के विरुद्ध एक ढाल है। भारत का संविधान समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली संविधान सभा ने कड़ी मेहनत से लिखा है। यह 1,46,000 शब्दों का, अथवा 481 पृष्ठों का संकलन मात्र नहीं है, इस संविधान में भारत की आत्मा का निवास है। यह भारत के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं, उम्मीदों व आशाओं का संकलन है। हमारे पूर्वजों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं हमारी सभ्यता की गौरवमयी यात्रा का निचोड़ इस संविधान में बखूबी ढाल दिया।" कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सेना के साथ हिंसक झड़प का जिक्र करते हुए लिखा, "चीन से आपके, आपकी पार्टी के व आपके पार्टी नेतृत्व के संबंध किसी से छिपे नहीं हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून 2020 को गलवान घाटी में हुई मुठभेड़ के पश्चात हमारे बहादुर सैनिकों के बलिदान का अपमान करते हुए चीन को क्लीन चिट दी, उससे समूचा विश्व आज तक अचंभित है। इतिहास में 19 जून 2020 एक काले दिन की तरह सदैव प्रत्येक भारतवासी को एवं आने वाली पीढ़ियों को चोटिल करता रहेगा। आपने भारत के संविधान को चीन से जोड़कर भारत का, बाबा साहब अंबेडकर का, भारत की संविधान सभा एवं प्रत्येक भारतीय का जो अपमान किया है, वह अक्षम्य है।" आखिर में उन्होंने खत में सीएम सरमा से आग्रह करते हुए लिखा, "भारत के संविधान की पॉकेट बुक एडिशन मैं आपको प्रेषित कर रहा हूं। एक आग्रह भी करना चाहता हूं। कृपया इस संस्करण को आप अपने हैंडबैग में हमेशा रखा करें। यही आपको मार्ग दिखाएगा। इस संविधान से आप सीख पाएंगे कि सरकारें, बहुसंख्यकवाद, अल्पसंख्यकवाद या व्यक्तिवाद से नहीं चलती, अपितु संविधानवाद से चलती हैं।"

# कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग से की असम के सीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**गुवाहाटी।** असम के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सामागुरी विधानसभा सीट से विधायक रकीबुल हुसैन ने वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर उनकी विवादास्पद टिप्पणी असम में 40 बांग्लादेशी विधायक के लिए तीखा हमला बोला है। हुसैन ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राज्य के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद धारण करने के बावजूद, हिमंत बिस्वा सरमा सिर्फ कुछ वोट पाने के लिए चुनावी रैलियों में असंवैधानिक बातें कह रहे हैं।

उन्होंने हिमंत बिस्वा सरमा की आलोचना की और चुनाव आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेता ने कहा, इस टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग को हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ स्वतः कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले, असम के सीएम ने रांची में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था कि



असम में सवा करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिये रह रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य की 126 सदस्यीय विधानसभा में इनकी संख्या 40 हो गई है। सरमा की इस टिप्पणी से असम में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कई विपक्षी नेताओं ने सीएम की आलोचना की है। इस बीच, हुसैन ने यह भी आरोप लगाया कि असम में चुनाव खत्म होते ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं। कांग्रेस नेता ने कहा, पिछले कुछ दिनों में सब्जियों और अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि देखी गई है।

राज्य सरकार महंगाई को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। इसके बजाय सरकार लोगों को शराब पीने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो अस्वीकार्य है।" असम में तरुण गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में हुसैन मंत्री थे। उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में धुबरी सीट से बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ चुनाव लड़ा।

### जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय महासचिवों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत देश के 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर सोमवार को मतदान जारी है। पांचवें चरण के मतदान के बीच भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों संग बैठक कर मतदान के प्रतिशत और पैटर्न के अनुमान के साथ ही बचे हुए दो चरणों की लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति, एजेंडे, मुद्दे और तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक में मीडिया और सोशल मीडिया के हिसाब से चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय संयुक्त संगठन महासचिव शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, तरुण चुग, अरुण सिंह, दुष्यंत गौतम, राधामोहन दास अग्रवाल और बी. संजय कुमार के अलावा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और आईटी सेल के राष्ट्रीय हेड अमित मालवीय भी मौजूद रहे।


## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक / आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है-


| क्रम संख्या | आवंटी/ पट्टेदार का नाम | भूखण्ड स०/ योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | श्री रामकुमार गुप्ता पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता | SK-98, शास्त्रीनगर, गाज़ियाबाद | श्रीमती सुलक्षणा शर्मा पत्नी श्री आशीष शर्मा व कुमार गौरव पुत्र स्व० श्री रामकुमार गुप्ता | C-4/101, गुलमोहर एन्क्लेव, नेहरूनगर, गाजियाबाद। फोन 8285086890 | पटटेदार श्री रामकुमार गुप्ता की मृत्यु दि० 30.07.2023 को होने के कारण | पट्टा |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अंतरण/नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते है. अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


● नई दिल्ली।। मंगलवार 21 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# पुलिस चुनाव ड्यूटी में बिजी, बदमाशों के लिए वारदातें हुई इजी

गौरव शशि नारायण

## शहर से लेकर नदियापार तक बढ़ गई झपटमारी, लूटपाट और चोरियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से बड़ी संख्या में पुलिस बल अलग-अलग जनपदों में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए गया हुआ है। इसके साइड इफेक्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में देखने को मिल रहे हैं। सिटी से लेकर ट्रांस हिंडन और देहात में क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है।

एक ओर पुलिस जहां चुनावों में बिजी है ,तो वहीं बदमाशों के लिए वारदातों को अंजाम देना बेहद ईजी हो गया है। बीते एक सप्ताह के दौरान लूटपाट और चोरी की वारदातों में जहां इजाफा देखने को मिला है। वहीं पुलिस कुछ ही मामलों में खुलसे कर पाई है। हालांकि अगर बात क्राइम ब्रांच टीम की की जाए तो थाना पुलिसिंग पर क्राइम ब्रांच फिर भारी पड़ती हुई दिखाई दे रही है।

बीते दिनों क्राइम ब्रांच ने असलहे सप्लाई करने वाली एक चार सदस्यों की टीम का खुलासा करते हुए उनसे 10 अवैध असलहे बरामद किए हैं। कुल मिलाकर सप्ताहभर में देहात से लेकर सिटी और सिटी से लेकर नदियापार में एक के बाद एक लूटपाट, झपटमारी, ठगी, चोरी और हत्याओं की वारदात बता रही हैं कि पुलिस बाल की कमी बदमाशों को मौके दे रही है।

### दैनिक करंट क्राइम का साप्ताहिक क्राइम रिकॉर्ड



### देहात में नहीं थम रहीं हत्याएं

करंट क्राइम : देहात जोन के अंतर्गत एक के बाद एक हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि कई पुराने सनसनीखेज मामलों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है लेकिन बीते सप्ताह भांजे ने संपत्ति के लिए प्रॉपर्टी डीलर की लोनी क्षेत्र में हत्या कर दी थी। तो वहीं लोनी और अंकुर विहार इलाके में जानलेवा हमले भी पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। वहीं 17 मई को लोनी में पत्नी की हत्या कर पति ने सेल्फी ली और फिर खुद की भी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी के साथ मावी हत्याकांड भी पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है।

### ट्रांस हिंडन में बढ़ गई लूटपाट की वारदातें

राजेंद्र नगर में बदमाशों ने 14 मई को इंजीनियर की पत्नी का गला दबाकर चेन लूटने की वारदात की। तो वहीं बदमाशों ने इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में कैब चालक पर हमला कर फोन और नगदी लूटी। वहीं कौशांबी क्षेत्र में अधिवक्ता की पत्नी के गले पर चाकू लगाकर सोने की चेन को बदमाश लूटकर ले गए। इसके साथ ही मोबाइल और अन्य लूटपाट के मामले भी बता रहे हैं कि चुनावी सीजन में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रांस हिंडन में क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है।

### चोरी और ठगी भी लगातार रही है जारी

करंट क्राइम : 13 मई को कवि नगर थानाक्षेत्र में एक परिवार शादी में गया था। घर में रखे नगदी और गहने चोरी हो गए। उधर 15 मई को पता पूछने के बहाने शिक्षिका से इंदिरापुरम इलाके में तीन लाख रुपये के गहने ठगों द्वारा उतरवा लिए गए। तो इसी के अगले दिन ठगों ने लगभग 12 लाख रुपए के गहने लेकर महिला को नकली गहने थमा दिए, मामला इंदिरापुरम थानाक्षेत्र का बताया गया।



### सिटी जोन में हुए तीन एक के बाद एक खुलासे

करंट क्राइम : सिटी जोन के अंतर्गत नंदग्राम पुलिस ने भट्ठ कारोबारी के पुत्र योगेंद्र की हत्या के मामले में मौत का इंजेक्शन देने वाले कंपाउंडर को गिरफ्तार किया। तो वहीं कवि नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी का हाफ एनकाउंटर करते हुए उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसी के साथ दिल्ली- एनसीआर में अवैध असलाहों की तस्करी करने वाले गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करने में क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम ने सफलता हासिल की और 10 अवैध हथियार बरामद किए। पकड़े गए सभी आरोपी शातिर बदमाश होने के बाद कई थानों में मकदमों में शामिल रहे हैं।

### यह रहे प्रमुख मामले :

- 12 मई भांजे ने संपत्ति के लिए प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की, लोनी का मामला।
- 13 मई को शादी में गया परिवार घर में रखी नकदी और गहने चुराने की वारदात थाना कवि नगर क्षेत्र।
- 14 मई राजेंद्र नगर में बदमाशों ने इंजीनियर की पत्नी का गला दबाकर चेन लूटने की वारदात की।
- 14 मई बदमाशों ने कैब चालक पर हमला कर फोन और नगदी लूटी थाना इंदिरापुरम क्षेत्र का मामला।
- 15 मई को पता पूछने के बहाने शिक्षिका से गहन उतरवाए थाना इंदिरापुरम क्षेत्र का मामला, कीमत लगभग तीन लाख रुपये।
- 16 मई को लगभग 12 लाख रुपए के गहने लेकर महिला को नकली ज्वैलरी थमा दी इंदिरापुरम क्षेत्र की घटना।
- 16 मई कौशांबी में अधिवक्ता की पत्नी के गले से सोने की चेन लूटी।
- 17 मई को पत्नी की गला दबाकर हत्या की और फिर सेल्फी लेने वाले पति ने आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली।
- 18 मई को अवैध असलहा सप्लाई करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, क्राइम ब्रांच स्वाट की टीम ने किया।
- 19 मई को नंदग्राम थाना पुलिस ने मर्डर के मामले में एनेस्थीसिया देने वाले वार्ड बॉय को गिरफ्तार किया।
- 20 मई मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# ईवीएम की निगरानी में आ गये बसपा के लोकसभा उम्मीदवार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान के बाद से ही ये कहा जा रहा था कि लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को इस बात का शक है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है। ईवीएम बदली जा सकती है और दूसरी तरफ निर्वाचन विभाग निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के साथ काम कर रहा है और निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन विभाग ने सभी दलों के उम्मीदवारों को यह सुविधा दी कि वह चाहे तो ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर एक दायरे में रह सकते हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर सशस्त्र बलों का पहरा है। यहां की समस्त गतिविधियां सीसीटीवी की निगरानी में हैं। लेकिन उम्मीदवार चाहते हैं कि लगातार निगाह रखें।

लिहाजा उन्होंने अपने पोलिंग एजेंट बनाये हैं और गोविन्दपुरम अनाज मंडी में बनाये गये स्ट्रांग रूम के बाहर वो लगातार ड्यूटी दे रहे हैं। कांग्रेस के बाद अब बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर भी ईवीएम की निगरानी के लिए आ गये हैं।

नन्द किशोर पुंडीर ने करंट क्राइम से बातचीत में पहले भी बताया था कि वो अपने एजेंट बना रहे हैं और उनकी तैयारी चल रही है। सोमवार को बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने ईवीएम की निगरानी शुरू की। उन्होंने पहले बसपा कार्यालय में मीटिंग की एक्टिविटी पर नजर रख रहा है और नजर बंदी के बीच ईवीएम की सुरक्षा सशस्त्र बल कर रहे हैं।



बनाई अपनी टीम और डाल ली अनाज मंडी में अपनी खाट




### कांग्रेस उम्मीदवार के पिता पहले से बैठे हैं डेरा डालकर

करंट क्राइम। कांग्रेस-सपा गठबंधन की उम्मीदवार डॉली शर्मा ने भी ईवीएम की निगरानी कराई है और उन्होंने इस काम के लिए भरोसा अपने पिता पर जताया है। कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के पिता तथा कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज को पहले से ही अनाज मंडी में डेरा डालकर निगरानी कर रहे हैं।

### भाजपा में नहीं है ये ट्रेंड, उन्होंने सबकुछ छोड़ा है फ्री हैंड

**करंट क्राइम।** कांग्रेस-सपा गठबंधन पहले से ईवीएम की निगरानी कर रहा है। यहां कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा के पिता खुद निगरानी कर रहे हैं। कांग्रेस की पूरी टीम लगी हुई है। कांग्रेस के बाद बसपा के उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने सोमवार को निगरानी शुरू कर दी और इन सबके बीच भाजपा ऐसी पार्टी है जिसकी केंद्र और प्रदेश में सरकार है लेकिन उसे ईवीएम की निगरानी करने की दरकार नहीं है। भाजपा में यह ट्रेंड नहीं है। जब चुनाव का समय चल रहा है और गाजियाबाद में 26 अप्रैल की शाम से गोविन्दपुरम अनाज मंडी के गोदामों में ईवीएम बंद हैं। तब भाजपा के नेता भाजपा के कार्यकर्ता फ्री हैंड हैं। वो बनारस से लेकर लखनऊ तक चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनके लोकसभा उम्मीदवार चंडीगढ से लेकर लखनऊ तक चुनाव प्रचार में है। लेकिन भाजपा का कोई नेता कोई कार्यकर्ता ईवीएम की निगरानी नहीं कर रहा है।

**भाजपा ऐसी पार्टी है जिसकी केंद्र और प्रदेश में सरकार है लेकिन उसे ईवीएम की निगरानी करने की दरकार नहीं है**

# क्या पुलिस सुलझा पायेगी भाजपा पार्षद की थ्योरी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद हरीश कड़ाकोटी के वार्ड में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। वो लगातार इस बात को कह रहे हैं कि पुलिस अगर ध्यान दे तो चोरी की वारदातों पर अंकुश लग सकता है। उन्होंने कुछ दिन पहले भी एक पत्र पुलिस आयुक्त को लिखा था। चोरी की वारदारों को लेकर भाजपा पार्षद ने क्षेत्र के लोगों की एक बैठक बुला ली। ये मामला वार्ड 79 का है। ये इलाका इन्दिरापुरम न्यायखंड का है और जब रोजाना घरों से पानी की मोटरें चोरी हुई तो लोग अपने पार्षद के साथ आये। क्षेत्र में बैठक हुई और इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि यहां से पुलिस चौकी 30 मीटर की दूरी पर है और रोजाना चोरी हो रही है। लोगों ने बैठक की और बैठक में समिति बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। एक हफ्ते में ये दूसरी मीटिंग है जिसमें लोगों ने कहा कि घरों से पानी की मोटरें चोरी हो रही हैं।

**लोग बोले सुरक्षा के लिए हो चौकीदार और कबाड़ी आयें केवल शनिवार-इतवार :** न्यायखंड के निवासी चोरी की घटनाओं के विरोध में एकजुट हुए और सभी ने कहा कि सुरक्षा के लिए चौकीदारों की व्यवस्था हो। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते कबाड़ियों पर अंकुश लगे। सभी ने तय किया कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में केवल शनिवार और इतवार को कबाड़ी अपना व्यापार करें, यहां घूमें। लोगों ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में सेल्समैन और कबाड़ी लगातार घूमते रहते है और रात में चोरी में भी यह लोग शामिल होते हैं। इसलिए अब हफ्ते में दो दिन ये लोग आ पायेंगे। बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि गलियों में चौकीदार की व्यवस्था हो। सीसीटीवी तथा गेट की व्यवस्था भी की जाये।

### एक महीने में हो गई 40 मोटरें चोरी

#### बोले चौकी इंचार्ज हमारे पास नहीं है पर्याप्त स्टॉफ

करंट क्राइम। वार्ड 79 के लोग बढ़ती चोरियों से परेशान हैं। रोजाना मोटर चोरी हो रही हैं। जब उन्होंने अभयखंड पुलिस चौकी इंचार्ज से यह बात बताई तो लोगों का कहना है कि चौकी इंचार्ज ने कहा कि हमारे पास स्टॉफ की कमी है। केवल दो सिपाही हैं और अन्य पुलिस कर्मी चुनाव ड्यूटी में लगे हुए हैं।

#### पार्षद ने कहा पहले रुकवाई थी चोरी और फिर चलायेंगे हस्ताक्षर अभियान

करंट क्राइम। वार्ड 79 के पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2022 में भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। तब भी यहां चोरी की वारदातें बढ़ गईं थी। मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करने के बाद यहां चोरी की घटनाएं बंद हो गईं थी। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने कहा कि फिर से हस्ताक्षर अभियान चलायेंगे और मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचायेंगे। अभी न्यायखंड के लोगों को बुलाकर एक सभा और की जायेगी। इससे पहले 12 मई को एक बैठक हो चुकी है।



#### रविवार की बैठक में ये लोग रहे प्रमुख रूप से मौजूद

रविवार की बैठक में लगभग 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया सभी ने एक स्वर में आने वाले समय में जो काम होने हैं जैसे गलियों में चौकीदार की व्यवस्था सीसीटीवी की व्यवस्था और गेट की व्यवस्था अन्य समस्याओं को दूर करने के उपाय पर सहमति जताई आज की बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय पार्षद हरीश कड़ाकोटी के अलावा रविंद्र तिवारी, रमेश तिवारी , पारेश्वर जुयाल, सुरेंद्र सिंह नेगी , मनोहर सिंह पयाल, हर सिंह मेहता , हरपाल सिंह सोलंकी, भगत सिंह बिष्ट किरण गौनियाल, अनीता, हेमा बिष्ट , कुंदन रावत, राजेन्द्र मेहरा, जगदीश्वर, सर्वजीत गुप्ता के अलावा कई लोग मौजूद रहे कई लोगों ने अपने विचार रखे आने वाले समय में न्याय खंड के विकास के लिए सभी ने कुछ करने के लिए खुद आगे आने की बात कही उपस्थित लोगों ने पार्षद द्वारा की गई पहल पर उनका धन्यवाद किया पार्षद ने भी सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया तथा एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर वार्ड में अपने द्वारा कराए गए कार्यों को भी जनता को अवगत कराया।

# लग गये हैं डेरे और अभी बसा नहीं है उम्मीदवारी का गांव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अभी उम्मीदवारी का गांव नहीं बसा है। अभी दिल्ली दूर है अभी 4 जून को नतीजा आना है। नतीजा आने के बाद ये तय होगा कि सदर सीट पर उपचुनाव होगा या नहीं होगा। उपचुनाव को लेकर भाजपा में कुछ ज्यादा ही जोश है। लेकिन उम्मीदवारी का गांव बसने से पहले दावेदारी के डेरे लग रहे हैं। भाजपा में तो चल ही रहा है लेकिन तैयारी कांग्रेस और सपा में भी चल रही है। बताया ये जाता है कि उपचुनाव के दावेदार लखनऊ से लेकर दिल्ली दरबार तक अपने हाईकमान की इस नब्ज को टटोल रहे हैं कि क्या कांग्रेस और समाजवादी की चुनावी दोस्ती उपचुनाव में भी उपचुनाव में भी बरकरार रहेगी। क्योंकि इस सियासी दोस्ती के सीधे इफैक्ट गाजियाबाद की सदर विधानसभा सीट पर पड़ेंगे। अगर यहां भाजपा का कमल लोकसभा में खिल जाता है तो फिर विधानसभा में अन्य दल भी आयेंगे। सूत्र बताते हैं कि सपा के कई चेहरे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं और वहीं कांग्रेस के भी कई धुरंधर चुनावी ताल ठोक रहे हैं। लेकिन यहां पर वो अपने सियासी दांव को मजबूत करने से पहले अपने अपने हाईकमान की नब्ज टटोल रहे हैं।

वो ये जानना चाहते हैं कि क्या लोकसभा वाली चुनावी दोस्ती अगर शहर विधानसभा का उपचुनाव हुआ तो उसमें भी हाथ मिलाये रहेगी। या समाजवादियों को साईकिल चलाने का मौका मिलेगा। अगर गठबंधन होता है तो भी ये एक सवाल है कि यहां कांग्रेस इस बार सपा के लिए उपचुनाव के लिए सीट छोड़ेगी और खुद सपा उम्मीदवार को उपचुनाव लड़वायेगी। या फिर कांग्रेस अपना उम्मीदवार लेकर आयेगी। एक स्थिति ये भी है कि कांग्रेस और सपा दोनों ही अलग अलग चुनाव लड़ेंगे और लोकसभा में एक दूसरे की खूबियां बताने वाले सपा और कांग्रेस विधानसभा के उपचुनाव में एक दूसरे की कमियां गिनवायेंगे।




**अगर हुआ विधानसभा उपचुनाव तो क्या कांग्रेस और सपा अलग-अलग लड़ेंगे**

### क्या बसपा दोहरायेगी पुरानी कहावत या लायेगी अपना महावत

करंट क्राइम। उपचुनाव अगर होता है तो यहां पर बसपा के हाथी को इग्नोर नहीं किया जा सकता। लेकिन यहां सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि बसपा अपना महावत लायेगी या वो पुरानी कहावत को दोहरायेगी। पुरानी कहावत में बसपा आउटसोर्स उम्मीदवार को लाती रही है। उसने विधानसभा चुनाव में भाजपा के नाराज बागी शुक्ला जी को रातों रात हाथी का महावत बनाकर चुनावी मैदान में उतार दिया था। शुक्ला जी महावत बनकर चुनाव लड़े और हार गये। इसके बाद उनका पहले बसपा दफ्तर से मोह भंग हुआ फिर उनके फेसबुक से गायब नीला रंग हुआ और फिर वो एक दिन भाजपाई हो गये। इस प्रकार लोकसभा चुनाव में भी बसपा ने मुजफ्फरनगर के पुराने भाजपाई नंद किशोर पुंडीर को बसपा का महावत बनाया और उन्हें गाजियाबाद से उम्मीदवार बनाया। इससे पहले बसपा ने यहां अंशय कालरा को उम्मीदवार घोषित किया था। जिन्हें बाद में बसपा ने खीरी सीट से चुनाव लड़वाया। ऐसे में ये सवाल खड़ा है कि बसपा यहां पुरानी कहावत को दोहरायेगी और दूसरे दल से महावत लायेगी या फिर अपने ही किसी नेता को उपचुनाव में लड़ने का मौका देगी।



## संपादकीय

# क्यों जागती है हादसों के बाद चेतना

सड़कों पर वाहनों के परस्पर टकराने से हुए हादसों में किसी न किसी की लापरवाही होती है। अगर किसी हादसे के पीछे वाहन में तकनीकी खराबी सामने आती है, तो आमतौर पर उसे लेकर प्रतिक्रिया का स्तर नरम हो जाता है। हालांकि तकनीकी खराबी की भी एक पृष्ठभूमि होती है। अगर समय-समय पर वाहनों की जांच न की जाए तो वह कभी भी बेहद घातक साबित हो सकती है। हरियाणा के नूंह में शुक्रवार की रात चलती बस में आग लगने की घटना अत्यंत त्रासद है। मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी एक पर्यटक बस में आग लग गई। आग लगने की भनक तक बस ड्राइवर को नहीं हुई। विचित्र है कि आग लगने की भनक चालक को नहीं हुई, बल्कि स्थानीय लोगों की नजर पड़ी और उन्होंने किसी तरह उसे बताया। तब तक आग ज्यादा फैल चुकी थी। नतीजतन, नौ लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई और करीब पच्चीस लोग बुरी तरह झुलस गए।

अब पुलिस घटना की जांच करेगी और अन्य औपचारिक कदम उठाए जाएंगे मगर सवाल है कि जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है और उसमें लोग मारे जाते हैं, उसके बाद ही संबंधित महकमों की नींद क्यों खुलती है। श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन से वापस लौट रहे थे, बस में अचानक से लगी आग और 8 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। पिछले कुछ वर्षों में लंबी दूरी की बसों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इन बसों की बनावट, प्रवेश और निकास या आपातकालीन दरवाजे की व्यवस्था इस तरह की होती है कि अगर किसी वजह से ये हादसे की शिकार हो जाएं, तो उनमें से समय पर न निकल पाने के चलते अनेक लोगों की जान चली जाए। जबकि वातानुकूलित वाहन तकनीकी खराबी के लिहाज से पहले ही संवेदनशील होते हैं। फिर, जहां थोड़े-थोड़े अंतराल पर बसों की तकनीकी जांच की जानी चाहिए, विश्राम देना चाहिए, वहीं ज्यादातर बसें कई-कई घंटे लगातार चलाई जाती हैं। ऐसे में तकनीकी खराबी की वजह से हादसों की आशंका बनी रहती है।

सुरक्षित सफर के लिए अन्य जरूरी पहलुओं को सुनिश्चित किए बिना एक्सप्रेस-वे जैसी तेज रफ्तार सड़कों पर दौड़ने वाली बसें दरअसल हादसे की आशंका अपने साथ लिए चलती हैं। सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि भाड़े की यात्री बसें यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अधिक जवाबदेह और गंभीर हों।

# दस वर्षों में बैंकिंग व्यवस्था पहली बार 3 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** देश में बैंकिंग सेक्टर का मुनाफा पहली बार 3 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया है।

इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए कहा है कि पिछले 10 वर्षों में बैंकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और इससे गरीबों, किसानों और एमएसएमई को लोन मिलने में मदद हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, पिछले 10 वर्षों में बैंकों की स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इसके कारण भारतीय बैंकों का मुनाफा बढ़कर पहली बार 3 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है।



पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए लिखा, जब हम सत्ता में आए थे तो यूपीए सरकार की फोन-बैंकिंग पॉलिसी के कारण बैंक बड़े नुकसान और अधिक एनपीए का सामना कर रहे थे। इसके कारण आम लोगों के लिए बैंकों के दरवाजे बंद थे। बैंकों की सेहत में सुधार होने का सीधा फायदा गरीब, किसान और मध्यम एवं लघु उद्योगों को होगा। बता दें कि वित्त वर्ष 2023-24 में सरकारी और निजी बैंक ने मिलकर 3.1 लाख करोड़ का मुनाफा दर्ज किया है।

इस दौरान सरकारी बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख करोड़ हो गया है और निजी बैंकों का मुनाफा 42 प्रतिशत बढ़कर 1.7 लाख करोड़ पहुंच गया है। पिछले 10 वर्षों में सरकारी बैंकों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिले हैं।

बैंकों की बैलेंस शीट मजबूत हुई। साथ ही नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

## योटा डेटा सर्विस ने मुख्य एआई अधिकारी के पद पर अनिल पवार को किया नियुक्त

**मुंबई।** डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी योटा डेटा सर्विस ने सोमवार को अनिल पवार को मुख्य एआई अधिकारी और एआई क्लाउड बिजनेस के प्रमुख के पद पर नियुक्त किया। पवार कंपनी के सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ, सुनिल गुप्ता को रिपोर्ट करेंगे। वे क्लाउड बिजनेस का नेतृत्व करेंगे और नवाचार एवं कंपनी के ग्राहकों को बेहतर वैल्यू देने के लिए काम करेंगे। गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि हम साथ मिलकर शक्ति एआई क्लाउड बिजनेस यूनिट को न सिर्फ बढ़ाएंगे, बल्कि डिजिटल भारत के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। पवार शक्ति क्लाउड बिजनेस यूनिट के तहत एआई-एस-ए-सर्विस (एआईएएएस), एआई प्लेटफॉर्म - एस-ए-सर्विस (एआईपीएएएस), एआई सॉफ्टवेयर-एस-ए-सर्विस (एआईएसएएएस) और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एएलएम) का कार्यभार सभालेंगे।

# रजनीश कुमार और मोहनदास पई बायजू की सलाहकार समिति से हटे




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार और इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी मोहनदास पई ने थिंक एंड लर्न के संस्थापकों के साथ चर्चा के बाद कंपनी के सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है। बायजू के ब्रांड के मालिक थिंक एंड लर्न के संस्थापक रवींद्रन बायजू ने कंपनी के पुनरुद्धार में देरी के लिए कुछ विदेशी निवेशकों को दोषी ठहराया।

उनके रवैये के कारण कंपनी को पुनर्गठन से जुड़ी दिक्कतों, वित्तीय परिणामों में देरी और 200 मिलियन डॉलर शेयर बेचने से मना करने के कारण लिक्विडिटी संकट का सामना करना पड़ा। थिंक एंड लर्न ने जुलाई 2023 में एडटेक फर्म को संकट से बाहर आने और शासन में सुधार करने के लिए सलाह देने के उद्देश्य से सलाहकार परिषद का गठन किया। कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा, सलाहकार के रूप में कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक वर्ष के लिए निश्चित अवधि के आधार पर होता है। संस्थापकों के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह पारस्परिक रूप से निर्णय लिया गया कि सलाहकार परिषद का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि औपचारिक जुड़ाव समाप्त हो गया है, संस्थापक और कंपनी हमेशा किसी भी सलाह के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम संस्थापकों और कंपनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। यह संविदात्मक समझौता 30 जून, 2024 को समाप्त होने वाला है।

इस बीच बायजू ने कहा कि वह सलाहकारों के साथ जुड़ाव को महत्व देता है और कठिन समय के दौरान कंपनी को नेविगेट करने में हम उनके सभी प्रयासों की बहुत सराहना करते हैं। कंपनी ने कहा कि रजनीश कुमार और मोहनदास पई ने पिछले एक साल में अमूल्य सहायता प्रदान की है। कुछ विदेशी निवेशकों की ओर से जारी मुकदमेबाजी के कारण हमारी योजनाओं में देरी हुई, लेकिन कंपनी के पुनर्निर्माण में उनकी सलाह पर भरोसा किया जाएगा, इसका मैं व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व कर रहा हूं।

## चीन ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध




**नई दिल्ली।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

## SPECIAL WISHES
### दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ठाकुर मदन राय और अनीता राय अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को अपनो के साथ साझा कर रहे हैं। साथ साथ चलते हुए सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की है। सभी शुभचिंतकों ने सभी परिजनों ने विशेष बधाई शुभकामनाए दी है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सिक्योरिटी गार्ड से नौकरी के लिए इंटरव्यू में पूछा गया कि अंग्रेजी आती है?
गार्ड का शांतिपूर्ण जवाब - क्यों चोर इंग्लैंड से आएंगे क्या?

---

पत्नी - मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाये..
पति - एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले
फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या
तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे

---

टिल्लू - सर, मैं आपकी बेटी से 20 साल से प्यार करता हूं
रेनू के पिता - तो अब क्या चाहते हो?
टिल्लू - शादी
रेनू के पिता - थैंक गॉड, मैंने सोचा तुम शायद पेंशन चाहते हो...

## रोचक तथ्यों का करंट

- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण-संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और अत्यधिक धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।
- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।

# आवासीय मकान की कीमतों में आ सकता है बड़ा उछाल



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर्स और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को उम्मीद है कि देश का रियल एस्टेट सेक्टर काफी तेजी ग्रोथ करने वाला है। जनवरी से मार्च दौरान करेंट इंडेक्स सेंटिमेंट में काफी सुधार दिखा, जो अगले 6 महीने के लिहाज से काफी आशावादी है। देश की दमदार इकोनॉमिक ग्रोथ और प्रॉपर्टी की मजबूत डिमांड से सेंटिमेंट में सुधार आया है।

रियल एस्टेट कंसल्टेंट और इंडस्ट्री संगठन ने सोमवार को रियल एस्टेट सेंटिमेंट इंडेक्स द1 2024 (जनवरी- मार्च) रिपोर्ट जारी की। यह सप्लाई-साइड स्टेकहोल्डर्स के सर्वे पर आधारित है। इसमें पता चलता है कि रियल एस्टेट के सप्लाई साइड यानी बिल्डरों के कॉन्फिडेंस में जबरदस्त उछाल आया है। वहीं, आवासीय मकानों की कीमतों में उछाल की भी संभावना है। मार्च तिमाही में करेंट सेंटिमेंट इंडेक्स स्कोर 72 रहा, जो इससे पिछली तिमाही में 69 था। फ्यूचर सेंटिमेंट में भी उछाल दिखा। यह अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 70 था, जो समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 73 पर पहुंच गया। इस इंडेक्स में 50 का स्कोर न्यूट्रल माना जाता है। वहीं, इससे ऊपर का स्कोर पॉजिटिव और नीचे का नेगेटिव सेंटिमेंट समझा जाता है। 'सेंटिमेंट इंडेक्स से पता चलता है कि रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े लोगों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा काफी मजबूत है। इससे रियल एस्टेट मार्केट की डिमांड में तेजी आ रही है।'

**आवासीय बाजार सबसे मजबूत :** रेजिडेंशियल मार्केट का आउटलुक काफी शानदार है। इस सर्वे में शामिल करीब 82 फीसदी लोगों ने अनुमान जताया कि आवासीय मकानों के दाम बढ़ सकते हैं। इसी तरह ऑफिस मार्केट आउटलुक भी शानदार बना हुआ है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

21 05 2024

# आज के जन्मदिन


कैरव सिंह


ट्विंकल


शायरी सुथार


वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले वरिष्ठ भाजपा नेता


धर्मपाल गर्ग व्यवसायी एवं समाजसेवी


अजहर अंसारी

सेलेब्रिटी जन्मदिन



शिवशक्ति सचदेव
अभिनेत्री


गौरव लौहिया


मनोज कुमार सिंह


नवल भाटी


सचिन राय कुमार


अजय कुमार


विवेक पारासर


कृष्ण गोयल


कपिल कुमार


गौरव मोदी


विनय अग्रवाल


विजय पाल सिंह


पवन तोमर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# आरआर नहीं, आरसीबी क्वालीफायर 2 में पहुंचेगी : रायडू



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि आरसीबी बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में प्रबल दावेदार होगी। फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई में छह मैचों की जीत का सिलसिला जारी है, जिसने उन्हें लीग में प्लेऑफ में जगह दिलाई। आरसीबी ने शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 27 रन की जीत के बाद गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। एलिमिनेटर मुकाबले पर अपने विचार साझा करते हुए, रायडू ने राजस्थान की तुलना में बेंगलुरु का समर्थन किया। रायुडू ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, मुझे लगता है कि आरसीबी मेरे लिए पसंदीदा है, जिस तरह से वे खेल रहे हैं और जब उन्होंने सीएसके के खिलाफ एक क्लिनिकल मैच खेला वह अद्भुत था। इसलिए मुझे लगता है कि आरसीबी ही है जो क्वालीफायर 2 में जाएगी। इसके अलावा, रायुडू को लगता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मंगलवार को अहमदाबाद में क्वालीफायर 1 एक 'हाई थ्रिलर' मुकाबला होगा।

# बीसीसीआई ने नॉर्थ ईस्ट में इनडोर प्रशिक्षण सेंटर की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को नॉर्थ ईस्ट में अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सेंटर की आधारशिला रखी। इसमें विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए फिटनेस सेंटर शामिल होंगे और इससे अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम सहित छह राज्यों के क्रिकेटरों को लाभ होगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा, नार्थ ईस्ट में बीसीसीआई की अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। छह राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और



सिक्किम) के हमारे क्रिकेटरों को जल्द ही पूरे साल प्रशिक्षण सुविधा के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर से लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, यह मिजोरम में नए पवेलियन के लॉन्च के साथ, इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे पहले, बीसीसीआई ने दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड सिक्किम में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण सुविधा के निर्माण और वार्षिक रखरखाव के लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) जारी करने की घोषणा की थी। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा था, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण सुविधा के निर्माण के लिए बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थानों से बोलियां आमंत्रित करता है। बोली जमा करने की इच्छुक किसी भी पार्टी को आरएफपी खरीदना आवश्यक है। हालांकि, केवल आरएफपी में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और उसमें निर्धारित अन्य नियमों और शर्तों के अधीन बोली लगाने वाले ही पात्र होंगे। यह स्पष्ट किया गया है कि केवल आरएफपी खरीदने से ही कोई भी बोली लगाने का हकदार नहीं हो जाता।

**इससे अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम सहित छह राज्यों के क्रिकेटरों को लाभ होगा।**

# विराट से अभिषेक तक : आईपीएल प्लेऑफ में इन पांच खिलाड़ियों पर रहेगी नजर



**मुकाबले शुरू होने से पहले, आइए उन पांच खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं जो नॉकआउट मैचों में रोमांच लाएंगे।**

### विराट कोहली



स्टार भारतीय बल्लेबाज पिछले साल के वनडे विश्व कप से लेकर अब तक शानदार फॉर्म में हैं, जहां वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल में अपना फॉर्म जारी रखा और 14 मैचों में पांच अर्धशतक और एक शतक सहित 708 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वह आरसीबी के बल्लेबाजी विभाग की रीढ़ बने हुए हैं और उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की प्लेऑफ की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अभिषेक शर्मा



23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने आने वाले वर्षों में भारतीय टी20 टीम का अहम हिस्सा बनने का कौशल दिखाया है। इस युवा बल्लेबाज ने हैदराबाद के लिए 13 मैचों में 467 रन बनाए हैं। उन्होंने मौजूदा सीजन में तीन अर्धशतक भी लगाए और 209.41 की धमाकेदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम लीग मैच में उनकी 28 गेंदों में 66 रनों की तेज पारी ने फ्रेंचाइजी को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने में मदद की। केकेआर को उनके खिलाफ मैदान में उतरने से पहले एक ठोस योजना बनानी होगी।

### रियान पराग



2019 में डेब्यू करने के बाद से रियान का यह सीजन सबसे शानदार रहा है। मध्यक्रम के बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए 13 मैचों में चार अर्धशतक सहित 531 रन बनाए हैं। उन्होंने पूरे सीजन में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए फ्रेंचाइजी के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण शीर्ष क्रम में जोस बटलर को खोने के बाद आरआर के लिए उनकी उपस्थिति अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

### सुनील नारायण



वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर सुनील नारायण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह जिस भी टीम के लिए खेल रहे हैं, वह अकेले ही मैच का संतुलन बदल सकते हैं। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने सीजन का भरपूर फायदा उठाया और एक शतक और तीन अर्धशतक की मदद से 461 रन बनाए, जबकि गेंदबाजी विभाग में उन्होंने 13 मैचों में 15 विकेट लिए।

### पैट कमिंस



विश्व कप विजेता कप्तान कमिंस ने आईपीएल में अपने नेतृत्व कौशल और फॉर्म को आगे बढ़ाया और फ्रेंचाइजी के साथ अपने पहले सीजन में एसआरएच को प्लेऑफ तक पहुंचाया। उनके ऑन-फील्ड निर्णय और महत्वपूर्ण क्षणों में गेंदबाजों के सही चयन ने उन्हें टूर्नामेंट में मजबूत स्थिति में रहने में मदद की। 13 मैचों में, उन्होंने 15 विकेट हासिल किए हैं और निश्चित रूप से प्लेऑफ में प्रभाव डालेंगे।

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों से चली आ रही एक्शन से भरपूर आईपीएल की लड़ाई अपने अंत तक पहुंच गई है, और चार टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण से पहले चलिए एक नजर उन पांच खिलाड़ियों पर डालते हैं जो लाइमलाइट में रहेंगे। 70 लीग मैचों के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंच गए हैं। क्वालीफायर 1 में टेबल टॉपर कोलकाता मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे स्थान पर मौजूद हैदराबाद से भिड़ेगी, जबकि राजस्थान और बेंगलुरु बुधवार को उसी स्थान पर एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगे। क्वालीफायर 1 का विजेता 6 मई को चेन्नई में होने वाले खिताबी मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की करेगा, जबकि हारने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करने के लिए एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

# धोनी के संन्यास लेने को लेकर आया सीएसके के अधिकारी का बयान

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सफर आईपीएल 2024 में लीग चरण में ही समाप्त हो गया है। टीम को अपने आखिरी ग्रुप चरण के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। चेन्नई और आरसीबी दोनों के एक समान 14 अंक थे, लेकिन आरसीबी की टीम बेहतर नेट रनरेट के आधार पर प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। माना जा रहा है कि सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह अंतिम आईपीएल है और वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। इस पर अब सीएसके के एक अधिकारी का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने माही के संन्यास लेने की अटकलों को खारिज किया है। रांची पहुंचे धोनी

धोनी संन्यास लेने की खबरों के बीच अपने घर रांची पहुंच गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धोनी ने फिलहाल फ्रेंचाइजी को अपने भविष्य के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने टीम प्रबंधन से अंतिम निर्णय लेने से पहले कुछ महीने रुकने को कहा है। सूत्र ने कहा, धोनी फिलहाल सीएसके में किसी से भी आईपीएल छोड़ने के बारे में बात नहीं की है। उन्होंने टीम प्रबंधन से कहा है कि कोई भी निर्णय लेने से पहले वह कुछ महीनों का इंतजार करेंगे। उन्हें दौड़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है जो उनके लिए अच्छी बात है।




# भारत की दीप्ति जीवनजी ने लहराया तिरंगा, पैरा एथलेटिक्स में जीता गोल्ड

**कोबे (जापान)।** भारत की 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता है। दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को महिलाओं के 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति जीवनजी ने टी20 में 400 मीटर की दौड़ में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 400 मीटर की दौड़ 55.07 सेकेंड में पूरी की। दीप्ति ने अमेरिकी एथलीट ब्रीना क्लार्क (55.12 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। टी20 श्रेणी में ऐसे एथलीट आते हैं जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर और इक्वाडोर की लिजानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले, पैरा एशियाई खेलों की चैंपियन दीप्ति ने रविवार को 56.18 सेकेंड के एशियाई रिकॉर्ड समय के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। बाद में, योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ 56 फाइनल में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 41.80 अंक के साथ रजत पदक जीता। तीसरे दिन, प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी 35 फाइनल में कांस्य पदक जीता, जबकि निषाद कुमार ने पुरुषों की हाई जंप टी 47 में 1.99 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने इन खेलों में अब तक चार पदक (एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम में मैथ्यू शॉर्ट और फ्रेजर की हो सकती है एंट्री

**नई दिल्ली।** एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया जेक फ्रेजर-मैकगर्क और मैथ्यू शॉर्ट को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल कर सकता है। मैकगर्क को टी20 विश्व कप 2024 के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि, आईपीएल 2024 में उनके दमदार प्रदर्शन को देखकर अब कयास लगाए जा रहे हैं कि वो ट्रैवल रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जुड़ेंगे। फ्रेजर-मैकगर्क और शॉर्ट को शामिल करने का मकसद टीम को किसी समस्या से निपटने के लिए तैयार रखना है। अगर 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है या उसे किसी कारण टूनामेंट से हटना पड़े, तो रिजर्व खिलाड़ी को मौका मिल सकता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने तीसरे फ्रंटलाइन स्पिनर को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नहीं जोड़ने का फैसला किया है। एश्टन एगर और एडम जम्पा पहले से ही टीम का हिस्सा हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा, जो वर्तमान में चोट से जूझ रहे हैं, पिछले साल वनडे विश्व कप में रिजर्व के रूप में टीम के साथ थे, जब ऑस्ट्रेलिया के पास सिर्फ एक विशेषज्ञ स्पिनर



था, लेकिन इस बार एश्टन एगर को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मैथ्यू शॉर्ट भी अंतिम 15 में पहुंचने से चूक गए। माना जा रहा है कि इस धाकड़ बल्लेबाज को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप में पहला मैच 6 जून को ओमान से खेलना है।

# क्या बारिश फिर डालेगी मैच में बाधा?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का सीजन अब प्लेऑफ चरण में पहुंच चुका है और मंगलवार को क्वालिफायर-1 में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में पहली बार तालिका में शीर्ष पर रही है, जबकि हैदराबाज की टीम ने भी ग्रुप चरण में प्रभावी प्रदर्शन किया था। इस सीजन कुल तीन मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं, ऐसे में सभी को यह जानने की दिलचस्पी होगी कि मंगलवार को अहमदाबाद का मौसम कैसा रहेगा। बारिश ने मजा किया किरकिरा देश के कई हिस्सों में बारिश ने मैच का मजा किरकिरा किया था। मौजूदा सीजन में कुल तीन मैच बारिश में पूरी तरह धुल चुके हैं, जबकि एक मैच में बारिश की वजह से ओवरों में कटौती की जा चुकी है। मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच खेला गया मुकाबला



बारिश के कारण 16-16 ओवर का कराया गया था, जबकि 13 मई को कोलकाता और गुजरात के बीच मुकाबला रद्द हुआ था, वहीं गुरुवार को हैदराबाद और गुजरात के बीच मुकाबला बारिश से धुल गया था। इतना ही नहीं रविवार को केकेआर और राजस्थान के बीच गुवाहाटी में खेला जाने वाले आईपीएल 2024 का ग्रुप चरण का आखिरी मैच में भी बारिश के कारण नहीं हो सका था। केकेआर ने 10 दिन से नहीं खेला कोई मैच बारिश का सबसे ज्यादा असर केकेआर को हुआ जिसने पिछले 10 दिनों से आईपीएल में कोई मुकाबला नहीं खेला है। केकेआर का पहले गुजरात टाइटंस से मैच बारिश में धुल गया था, जबकि राजस्थान के खिलाफ भी उसे बारिश के कारण मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम का भी गुजरात से सामना बारिश के कारण बाधित हो गया था। अहमदाबाद में बारिश की संभावना नहीं फैंस के लिए राहत की बात यह है कि मंगलवार को जिस दिन हैदराबाद और केकेआर के बीच क्वालिफायर-1 मुकाबला खेला जाना है, उस दिन बारिश की संभावना ना के बराबर है। मौसम विभाग के अनुसार, अहमदाबाद का मौसम सुहाना रहेगा और धूप खिलेगी। बढ़ते दिन के साथ ही गर्मी बढ़ेगी और बारिश की संभावना नहीं रहेगी। मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए फैंस को केकेआर और हैदराबाद के बीच मैच को रोमांच देखने मिल सकता है। हालांकि आर्द्रता के कारण दूसरी पारी में ओस अहम भूमिका निभाएगी।

# इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब

**रोम।** लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंजल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरूआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर



इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया। इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंजल डमफ्रिज ने किया। एक राउंड शेष रहते इंटर ने 93 अंक अर्जित कर लिए हैं, जबकि लाजियो ने सातवां स्थान हासिल किया।

# आईपीएल 2024 : राजस्थान-कोलकाता का मुकाबला रद्द, एलिमिनेटर में आरआर का मुकाबला आरसीबी से

**गुवाहाटी।** यहां के बारसापारा स्टेडियम में रविवार को राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने से वंचित रह गई, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका अंतिम लीग मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। आईपीएल 2024 के आखिरी लीग गेम के रद्द होने का मतलब है कि टेबल-टॉपर्स केकेआर मंगलवार को अहमदाबाद में



क्वालीफायर 1 में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, जबकि तीसरे स्थान पर आरआर बुधवार को उसी स्थान पर एलिमिनेटर में इन-फॉर्म रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। यह पहली बार है कि केकेआर ने आईपीएल लीग चरण को टेबल-टॉपर्स के रूप में समाप्त किया है। रविवार के खेल से पहले गुवाहाटी में बारिश, तूफान और तेज हवाओं के बारे में अलर्ट जारी किया गया था। टॉस के निर्धारित समय से ठीक पांच मिनट पहले अचानक हुई बारिश ने ग्राउंडस्टाफ को प्लेइंग स्क्वायर पर कवर लाने के लिए मजबूर कर दिया। जल्द ही अतिरिक्त कवर लाए गए और पूर्वानुमान आशाजनक नहीं लग रहा था, भारी और स्थिर के बीच बूंदाबांदी हो रही थी, जिससे टीमों के साथ-साथ प्रशंसकों को भी इंतजार करना पड़ रहा था। स्थानीय समयानुसार रात 10.56 बजे पांच ओवर के शूटआउट के लिए कट-ऑफ समय निर्धारित किया गया था, रात 10 बजे बारिश रुक गई और कवर हटा दिए गए, सुपर सॉपर पूरे जोरों पर काम कर रहे थे। बारिश का खतरा मंडरा रहा था, इसलिए केकेआर ने सात-सात ओवर प्रति साइड शूटआउट में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लेकिन संक्षिप्त खेल शुरू होने से पहले बारिश लौट आई और कवर फिर से उसी जगह रख दिए गए।

# केकेआर को नहीं खलेगी सॉल्ट की कमी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को मंगलवार को क्वालिफायर-1 में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करना है। इस महत्वपूर्ण मुकाबले में टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट की सेवाएं नहीं मिलेंगी क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते इंग्लैंड लौट गए हैं। माना जा रहा है कि सॉल्ट की जगह प्लेइंग-11 में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को जगह मिलेगी। पूर्व भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र



सहवाग का मानना है कि केकेआर को सॉल्ट की कमी नहीं खलेगी और टीम को कोई अन्य सदस्य उनकी कमी पूरा करेगा। नरेन-सॉल्ट की जोड़ी रही थी सफल मौजूदा सीजन केकेआर को नरेन और सॉल्ट की जोड़ी ने तेज शुरूआत दिलाई थी और यह सलामी जोड़ी काफी सफल रही थी। सॉल्ट आईपीएल 2024 सीजन में सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक थे। उन्होंने 13 पारियों में 435 रन बनाए थे। केकेआर की जीत में नरेन और सॉल्ट की जोड़ी का योगदान काफी अहम रहा था। सॉल्ट इंग्लैंड के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो आईपीएल के बीच सीजन से ही स्वदेश लौट गए हैं। इंग्लैंड को अगले महीने टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान के साथ चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 22 मई को होगा। केकेआर से आक्रामक शुरूआत चाहते हैं सहवाग केकेआर का सामना रविवार को ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से होना था, लेकिन यह मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

# टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम से जुड़ सकते हैं मैकगर्क

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारत सहित कई देशों ने अपनी टीमें घोषित कर दी है। ऑस्ट्रेलिया ने भी दो जून से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क ने आईपीएल 2024 सीजन में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए तूफानी पारियां खेली,



लेकिन कंगारू टीम ने उन्हें 15 सदस्यीय खिलाड़ियों में जगह नहीं दी थी। माना जा रहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर मैकगर्क को टीम में शामिल कर सकती है। मैकगर्क के अलावा मैथ्यू शॉर्ट भी रिजर्व खिलाड़ी होंगे। टी20 में पदार्पण नहीं कर सके हैं मैकगर्क अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं।

बल्लेबाजी ऑलराउंडर शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। गुरुवार को रवाना होगी टीम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जाएंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ मैकगर्क को भी ले जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं।

# सूर्यदेव के तेवर सख्त : बिजली, पानी, भीषण गर्मी व बीमारियों से लोग हलकान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सूर्यदेव के निरंतर सख्त हो रहे तेवरों से आम जनमानस का हाल बेहाल है। भीषण गर्मी से सोमवार को भी लोग बिलबिलाते रहे। उमस भरी गर्मी का आलम यह है कि पसीना सूखने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही गर्मी से पंखे व कूलर तो क्या अब एसी भी ठीक से कूलिंग नहीं दे पा रहे हैं, वहीं लू के थपेड़ों की मार से लोग व वाहन सवारों का हाल बेहाल रहा।

इन दिनों गर्मी ने कहर बरपा रखा है। पिछले करीब एक सप्ताह से तापमान में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है जिससे आम जनजीवन बेहाल नजर आ रहा है। ऐसा लगता है मानो आसमान से आग बरस रही हो, लू के थपेड़े भी सहन नहीं हो रहे हैं। सोमवार को सुबह से ही सूर्यदेव आसमान से आग बरसाते नजर आए। दिन चढ़ने के साथ तपिश बेहद बढ़ गई। कामकाज के लिए लोगों को बाहर निकलना मजबूरी था, लेकिन पसीने से तरबतर हो रहे थे। लू व गर्मी से बचने के लिए लोग मुंह को कपड़े से ढककर चलने को मजबूर हैं। खासतौर से दुपहिया वाहन पर सवार लोग मुंह व सिर पर कपड़ा बांधकर चलते हुए दिखाई देते हैं। पानी पीते रहने के बावजूद लोगों का गला सूखता रहा। गर्मी से लोग घरों के भीतर भी बेहाल ही थे। कूलर-पंखों की हवा गर्म रही और उमस और बढ़ रही थी। एसी भी पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं। सोमवार दोपहर के समय बाजार एवं सड़कें सुनसान दिखीं। शाम के समय सूर्य ढलने के बाद भी गर्मी में कोई खास कमी नहीं दिखी। शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में इजाफा देखने को मिला। लोगों ने शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, छाछ, गन्ने का जूस और शर्बत से गर्मी को दूर करने का भरसक प्रयास किया। दूसरी ओर चिकित्सक गर्मी से बचाव के लिए अधिक पानी पीने और नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, नींबू शिकंजी की सलाह दे रहे हैं।

### मौसमी बीमारियां चरम पर

**करंट क्राइम।** गर्मी के चलते बुखार, उल्टी, दस्त आदि बीमारियां बढ़ रही हं, जिसके चलते सरकारी अस्पताल व निजी चिकित्सकों के यहां मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में मरीजों की संख्या बढ़ी है। गर्मी व लू में सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही घातक हो सकती है।

### बिजली की आंख मिचौली से भी आमजन परेशान

**करंट क्राइम।** भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। मोदीनगर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई है । बिजली की दिन भर चल रही आंख-मिचौली लोगों पर भारी पड़ रही है।

## ट्रक से पिकअप टकराई, एक की मौत

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव मिलक चाकरपुर के पास चलते ट्रक का टायर फट गया जिस कारण ट्रक की रफ्तार धीमी हो गई और उसमें पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी घुस गई। इस हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। एक ट्रक सोमवार सुबह 5.30 बजे के आसपास बागपत से गाजियाबाद की ओर आ रहा था। जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस- वे पर गांव मिलक चाकरपुर के पास पहुंचा तो अचानक ट्रक का टायर फट गया। ट्रक का टायर फटने से उसकी रफ्तार धीमी हो गई जिसके चलते पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में पिकअप सवार सतेन्द्र निवासी सोलन जिला झुंझनू राजस्थान की मौत हो गई, जबकि परिचालक सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।




### कैलकुलेशन बताते ये सियासी स्पून कहां जाएंगे ऑफ्टर चार जून

इलेक्शन से पहले भी और इलेक्शन के बाद भी चुनावी चेलों ने पूरा मेला लगा रखा है। सेंकिड राऊंड के मतदान के बाद गाजियाबाद में सियासी साऊंड ही बंद हो गया। हाथ वालों से लेकर कमल वालों ने चुनावी दफ्तर समेट लिया। अब समय बिताने के लिये करना है कुछ प्रचार तो किसी ने पकड़ी लखनऊ की राह तो कोई पहुंच गया बाबा काशी विश्वनाथ के द्वार। बचेखुचे चेले इधर मतदान का कैलकुलेशन बताते फिर रहे हैं किसी को इतने वोट से हराते तो किसी को इतने वोट से जिताते दिख रहे हैं। पापुलेशन वालों को नही पता लेकिन इलेक्शन के इन कैलकुलेशन वालों को पता है कि इतने बनिये हैं, इतने पंडित है, इतने दलित हैं और वो इसी आधार पर रिजल्ट फलित कर रहे हैं। इन कैलकुलेशन वालों को तो ये भी पता है कि इनमें से कितने डॉली के साथ गये हैं, मुसलमान कहां गये हैं और जाट कहां गये हैं। कोई ऐसा भी है जो इन पर नजर रख रहा है और इनकी पूरी लिस्ट उसके पास हैं। उसने कहा कि मुझे तो ये समझ नही आ रहा है कि चुनाव का कैलकुलेशन बताते ये सियासी स्पून कहां जायेगें आफ्टर 4 जून।

### दीदी 2 दीदी होते हुए उसकी सियासत आ गई भइया जी की छांव में

वैसे तो उस बेचारे ने कभी पर्चा नही भरा और चर्चा में रहने के लिये वो सारे जतन करता है। साईकिल वाले ही कहते हैं जितनी दुर्गति से वो भाजपाई हुया उससे तो हम सपाई ही ठीक हैं। एक भाजपाई का टैग लगवाने के चक्कर में उसकी ऐसी रेल बनी कि गाजियाबाद से राम वाले धाम तक जाना पड़ा। मौहल्ले वाली दीदी से लेकर सेना वाली दीदी तक सीन रहा और अफसोस ये कि कहानी ने दोनो जगह मोड़ ले लिया। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि अब दीदी राग छोड़कर उन्होने फूल वालों के भईया जी के दर पर माथा टेक दिया है। वो मौहल्ले वालों को बता रहा है कि उसने स्टेट की कैपिटल में जाकर अपनी बिरादरी के पूरे समाज को भईया जी के पापा के चुनावी सर्मथन में साध दिया है।

### अगर हमने कर लिया एका तो नहीं मिलने वाला फिर एक भी पैसा

नाली सीवर वाले महकमें में कमीशनखोरी की बात का फीवर ऐसे तो चढ़ा नही हैं। कुछ तो आग है जो धुंआ उठ रहा है और करने वालों ने वार्ड वालो की कॉल भी रिकार्ड कर ली है। पहली बार वालों ने तूफान मचा रखा है और कहीं डबल करने की बात तो कहीं जीएसटी से पहले कमीशन के भुगतान के किस्से सामने आ रहे हैं। निगम में वो टेंडर पुरूष भी है जिन्होने हाथी साईकिल से लेकर कमल सरकार में काम किया है। वो कह रहे हैं कि हम तो कोई स्कैंडल करना नही चाहते वरना ये ढाई ढाई परसेंट कमीशन मांग रहे हैं क्या हमारे सामने। उन्होने कहा कि हमने बड़ी चेयर वालों को हैंडल कर लिया तो ये क्या हैं भला हमारे सामने। यहां यूनियन वालों ने ही कहा कि अगर हमने एका कर लिया तो फिर वो इस बात को जान ले कि एक भी पैसा उन्हे मिलने वाला नही है। उन्होने कहा कि ना इनके बस का टेंडर दिलाना और ना भुगतान करवाना।

## डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल टैक्सटाइल शाखा में 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर में नृत्य, संगीत, कला, पाक कला, स्केटिंग, कैलीग्राफी, घुड़सवारी, मैटावर्स, वाटर पार्क की सैर, कुम्भकारी, योग एवं ध्यान को शामिल किया गया है। इस शिविर में लगभग 260 से अधिक छात्रों ने अपना नामांकन दर्ज कराया एवं अलग-अलग गतिविधियों में प्रतिभाग किया। शिविर के प्रथम दिन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री मंत्र, प्रार्थना व जुम्बा नृत्य का आरम्भ हुआ। इसके पश्चात प्रधानाचार्य वीके राणा, उपप्रधानाचार्य सपना खुराना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर प्रेरणा वर्मा, ज्योति कौर, आशिमा त्यागी, शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल रहे। छात्रों ने ढोल पर खूब नृत्य किया, नन्हें नन्हें कदमों की थिरकनों ने विद्यालय के वातावरण को खुशनुमा बना दिया। प्रधानाचार्य वीके राणा ने कहा कि ग्रीष्मकाल आते ही बच्चों में खुशियों की लहर दौड़ जाती है। साल का यह समय बच्चों को बहुत ही प्रिय होता है। यह बच्चों के लिए अत्यधिक महत्व रखता है, क्योंकि यह उनको कई सकारात्मक तरीकों से प्रभावित करता है। अतः बच्चों को सही दिशा देने के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं कौशलात्मक क्षमता को विकसित करता है। यहां बच्चे खुद को स्वतंत्र महसूस करते हैं तथा उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है, इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 12 दिवसीय इस शिविर का आयोजन किया गया है।

## संयुक्त जन अधिकार मोर्चा ने कॉलोनियों के नियमितीकरण को लेकर बैठक की



**मोदीनगर ,करंट क्राइम।** संयुक्त जन अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं व जनमानस की एक अहम बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में की गई। मोर्चा के पदाधिकारियों ने मोदीनगर की 26 आवासीय कॉलोनी के नियमितीकरण को लेकर आगामी रणनीति तैयार करने को लेकर रूपरेखा बनाने पर विचार किया गया। बैठक में निर्णय किया गया कि जल्दी ही इस संबन्ध में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली से भेंट कर इस विषय में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली जाए, तत्पश्चात कमिश्नर मेरठ मंडल को जन अधिकार मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा गत 9 मई को सौंपे गए ज्ञापन के सम्बन्ध में हुई कार्रवाई के विषय में जल्द दोबारा मिलकर जानकारी ली जायेगी। इस संबध में जनता के आक्रोश से मंडल आयुक्त को अवगत कराया जायेगा। बैठक में मोर्चे के संयोजक देवव्रत धामा, पूर्व सभासद तेजपाल पोसवाल, महेश कश्यप, कुलदीप सैनी, पूर्व सभासद विनोद गौतम, करण सिंह त्यागी, पूर्व सभासद चौ. कृष्णपाल सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, निर्दोष खटाना, सभासद सूबे सिंह, प्रहलाद शर्मा, बलदेव सिंह, डॉ. किशन लाल शर्मा, नवनीत तोमर, संतोष पाण्डेय, अमन, गुरशरण सिंह, यतेंद्र कुमार, जगदीश उपाध्याय, अशोक कुमार, अम्बुज माहेश्वरी, राहुल, विष्णुदत गर्ग व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गवाह के घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाई

**लोनी, करंट क्राइम।** बाइक सवार दो बदमाशों ने एक मुकदमे में गवाह के घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैला दी। आरोप है कि उनका परिवार के लोगों से ही भूमि संबन्धी विवाद चल रहा है जिसमें 23 मई को गवाही होनी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने के मांडला गांव निवासी राहुल पंवार ने बताया कि उनका भूमि को लेकर परिवार के लोगों से ही सन 2019 से विवाद चल रहा है तथा कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है जिसमें 23 मई को गवाही होनी है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग उन पर फैसले का दबाव बना रहे हैं जिसको लेकर बती रात्रि करीब 10.40 बजे बाइक सवार दो बदमाश उनके घर के बाहर आए और तीन राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। बदमाशों ने मुकदमा वापस लेने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध कातिलाना हमले की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## लीलावती राम गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ भारती का गठन

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित लीलावती राम गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैंप आयोजित किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र की 30- 40 अभिभावक महिलाएं भी भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिदिन हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में मातृ भारती का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनुराधा, उपाध्यक्ष नेहा शर्मा, मंत्री ममता, सह मंत्री बबली, कोषाध्यक्ष प्रीति शर्मा ,सदस्य- शोभा, आयुषी, अंजू ,सविता ,अनीता ,अंजू, आकांक्षा , अक्षरा त्यागी, कीर्ति, रुकमणी, रुकमणी चौधरी आदि को मुख्य अतिथि अरविंद ओझा द्वारा मातृ भारती के पदाधिकारी के रूप में शपथ दिलाई गई। सभी ने पूर्ण मनोयोग के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करने की शपथ ली। स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू ने सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी।



## स्तन कैंसर से बचाव के लिये जागरूकता शिविर लगाया



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पहल एक प्रयास, श्रीवैश्य कुटुम्ब सेवा समिति व लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार की ओर से महिलाओं को होने वाले स्तन कैंसर से बचाव हेतु एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में पहल एक प्रयास की अध्यक्ष डॉ०सरिता त्यागी की ओर से महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

डॉ० सरिता त्यागी ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समय समय पर सर्विस स्केनिंग भी अवश्य करानी चाहिए, विचार संगोष्ठी में महिलाओं को वैक्सीनेशन के बारे में भी जानकारी दी। डॉ० नेहा त्यागी ने बताया कि आधुनिक जीवन व बदलती खानपान शैली व विभिन्न प्रकार के बदलाव के कारण मातृत्व सुख से वंचित महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आईवीएफ है। उन्होंने बताया अभी दो साल के अन्दर उनके द्वारा लगभग 124 महिलाएं मातृत्व सुख को प्राप्त कर चुकी हैं। श्रीवैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की प्रदेश महामंत्री व लायंस क्लब राइजिंग स्टार की अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।




### आजकल बहुत साइलेंट हैं एसीपी साहब

पुलिस कमिश्नर रेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो एसपी स्तर के अधिकारियों की संख्या डेढ़ दर्जन पहुंच चुकी है लेकिन बीते कुछ दिनों से एक एसीपी साहब बहुत शांत चल रहे हैं। वह ना गुड में नजर आ रहे हैं और ना ही बाइट वाले ग्रुप में उनके दर्शन हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब वह देहात से नदियापार में आए थे, तो कुछ दिनों तक उनका इलाका बदमाशों के लिए डेंजर जोन बन गया था। एक के बाद एक ताबड़तोड़ खुलासे और ऑपरेशन ढोंको भी जमकर चलाया था। इधर चुनावी सीजन में एसीपी साहब शांत चल रहे हैं। इसके पीछे की वजह समझ नहीं आ रही है। वहीं बड़े-बड़े मामलों में भी वह साइलेंट मोड पर हैं। अब सुनने में आ रहा है कि उन्हें जो नंबर एक वाला खिताब मिला हुआ था, उसमें भी कुछ थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पुलिस कमिश्नरेट वाले उनके करीबी सूत्र बता रहे हैं कि उनका मन अब यहां से मुक्त होने का है। देखना होगा कि आखिर मामला क्या है, क्या वजह है जो एक्शन मूड में रहने वाले एसीपी साहब साइलेंट वाले मोड पर आ गए हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से खबर यह है कि चार जून के बाद अगर एसीपी स्तर के अधिकारियों वाले प्लान में कुछ बदलाव आता है, तो किसको किधर भेजा जाएगा और कौन राइट से लेफ्ट किया जाएगा। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी के काम से कमिश्नरेट के कुछ अधिकारी हैप्पी चल रहे हैं। तो दो एसीपी साहब बीते कुछ दिनों से टेंशन वाले मोड में हैं। वहीं अगर जून में विभागीय प्रमोशन वाली लिस्ट आ गई तो कमिश्नरेट के लिए दो गुड न्यूज मिल सकती हैं। इन दो गुड न्यूज का असर कमिश्नरेट के अन्य एसीपों के पदभार पर भी देखने को मिल सकता है। अब देखना यह है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चुनावी मतगणना पूरी होने के बाद कौन सी मंत्रणा होगी यह भी खास रहेगा। कहा जा रहा है कि इसी के बाद कमिश्नरेट में एसीपी साहब लोगों के लिए नए मौके और प्लेस चेंज करने वाला चैलेंज शुरू होगा। देखना होगा की कुर्सी वाले ही इधर से उधर किए जाते हैं या साइड लाइन वालों को लाइन पर लाने के लिए कुर्सी पर सेट किया जाता है। सूत्र बता रहे हैं कि अभी कमिश्नरेट में कई एसीपी ऐसे हैं जो कमिश्नरेट वाली व्यवस्था से मोह भंग कर चुके हैं। देखना है उनको भी कुछ राहत मिलती है या कमिश्नरेट से उनका रिश्ता बना रहेगा।



## पूजा कॉलोनी में रास्ते पर भरा नाली का गंदा पानी



कई बार नगर पालिका को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही।

**लोनी, करंट क्राइम।** नगर पालिका वार्ड 48 की पूजा कॉलोनी के मंगल बाजार में नालियों का गंदा पानी रास्ते पर भरा हुआ है जिसके कारण लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। लोगों का आरोप है कि वह कई बार नगर पालिका से समस्या के निस्तारण की मांग कर चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित कॉलोनीवासियों ने समस्या के समाधान की मांग की है। नगर पालिका वार्ड 48 की पूजा कॉलोनी में सघन आबादी है। कॉलोनी में लगने वाले मंगल बाजार के रास्तों पर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि नगर पालिका मुख्य नालों की सफाई नहीं कराती है जिसके चलते उनमें जल प्रवाह अवरोधित है और कुछ रास्तों पर नालियों का पानी भर जाता है। कॉलोनीवासी रमेश, राजू, प्रमोद, राजकुमार, तपन, जगरोशन आदि ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। अब अविलम्ब समस्या का समाधान कराने के लिए टीम मौके पर भेजी जा रही है।

## प्रबुद्ध भारत सामाजिक संगठन की बैठक आयोजित



**मोदीनगर , करंट क्राइम।** प्रबुद्ध भारत सामाजिक संगठन की बैठक गांव बेगमाबाद में डॉ. संजय कुमार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पालिका सभासद विनोद गौतम ने की। सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में बुद्ध जयंती को आम सहमति से मनाए जाने पर स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें पूजा कार्यक्रम व मैत्री भोज का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष ओमबीर सिंह, लोकेश, बौधवन्ति, परमानंद, पंकज कर्दम, नरेंद्र कुमार, रतन कुमार, शिवराज सिंह, कंवलचंद, अमरजीत सिंह, नरेन्द्र सहाय, मनीराम वीराना, पूर्व प्रधान हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय कुमार को पीएचडी उपरांत सुभारती यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर नियुक्त किये जाने पर सम्मानित किया गया।

## दो किशोरों ने 11 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म किया

**लोनी, करंट क्राइम।** एक गांव में दो किशोर सोमवार दोपहर पड़ोसी के 11 वर्षीय बच्चे को मकान की छत पर ले गए और उसके साथ बारी बारी से कुकर्म किया। बच्चे ने घर पहुंचकर परिजनों की घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोनी थाने के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे उसका 11वर्षीय बेटा पड़ोसी के 15-15 वर्षीय किशोरों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान किशोर उसे बहला फुसलाकर मकान की छत पर ले गए और बारी-बारी से उसके साथ कुकर्म किया। बच्चे ने घर पहुंचकर परिजनों को मामले की जानकारी दी। बच्चे के पिता ने पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसीपी सूर्यबली का कहना है कि आरोपी किशोरों और बच्चे को बुलाया गया है। मामले की जांच के बाद संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## किराना स्टोर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**मोदीनगर , करंट क्राइम।** एक किराना स्टोर में अपरांह तीन बजे भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। स्टोर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा व्यापारी का परिवार आग में फंस गया। परिवार को किसी तरह पड़ोसी की छत के सहारे आग से निकाला। दमकल की तीन गाड़ी मौके पर पहुंचीं। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर सुबह तक काबू पाया गया।

तिबड़ा मार्ग निवासी सोहन लाल बाजार में किराना स्टोर की दुकान चलाते हैं। स्टोर के ऊपर ही कारोबारी का परिवार रहता है। व्यापारी पुत्र वरुण अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सो रहे थे। बराबर वाले मकान में सोहनलाल के छोटे भाई ब्रजमोहन गुप्ता सो रहे थे। सुबह लगभग तीन बजे किराना स्टोर में तेज धमाके के साथ धुंआ उठने लगा। धमाके के कारण गहरी नींद में सो रहा व्यापारी का परिवार जाग गया। देखते ही देखते किराना स्टोर से आग की ऊंची ऊंची लपटें निकलने लगीं। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और ऊपरी मंजिल भी आग की चपेट में आ गई। ब्रजमोहन गुप्ता ने बताया कि आग रसोई घर तक पहुंच गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। वरुण ने साहस जुटाकर आग में घिरे परिवार को पड़ोसी की छत के सहारे बाहर निकाला। बचाव कार्य के दौरान आग की चपेट में आकर वरुण मामूली रूप से झुलस गए। मोदीनगर फायर स्टेशन से दकमल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बावजूद भी आग बढ़ती गई। आग बेकाबू होती देख मुरादनगर व गाजियाबाद कोतवाली से भी दमकल की दो गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद आग को काबू किया जा सका। एफएसओ अमित कुमार ने बताया कि शॉट सर्किट के कारण किराना स्टोर में आग लगी। आग ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई थी। तीन गाड़ियों की मदद से आग को काबू कर लिया गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।



# हेलीकॉप्टर क्रैश में राष्ट्रपति रईसी समेत नौ लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया है। हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हुए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोगों के शव दुर्घटनास्थल से मिलने की भी पुष्टि हो चुकी है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की खबर ने दुनियाभर में हलचल मचा दी। मीडिया रिपोर्ट की माने तो हेलीकॉप्टर का मलबा ढूंढ लिया गया है। दुर्घटनास्थल पर रईसी के जिंदा होने का कोई संकेत नहीं मिला है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोगों के शव दुर्घटनास्थल से मिलने की भी पुष्टि हो चुकी है। आइए जानते हैं कि आखिर कौन हैं इब्राहिम रईसी, जिन्हें ढूंढने के लिए तमाम देशों ने मदद का हाथ बढ़ाया था।

राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई का उत्तराधिकारी भी माना जाता रहा है, ऐसे में उनके लापता होने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ईरान की सरकार की ओर से भी इसे लेकर ज्यादा कुछ कहा नहीं जा रहा है।

## मोखबर बने कार्यवाहक राष्ट्रपति, पांच दिन का शोक

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का जन्म 1960 में उत्तरी पूर्वी ईरान के मशहद शहर में हुआ था। रईसी के पिता एक मौलवी थे, लेकिन रईसी जब सिर्फ पांच साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया थ। रईसी की शुरूआत से ही धर्म और राजनीति की ओर झुकाव रहा और वो छात्र जीवन में ही मोहम्मद रेजा शाह के खिलाफ सड़कों पर उतर गए। रेजा शाह को पश्चिमी देशों को समर्थक माना जाता था।

पूर्वी ईरान के मशहद शहर में शिया मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र मानी जाने वाली मस्जिद भी है। वे कम उम्र में ही ऊंचे ओहदे पर पहुंच गए थे। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए उन्होंने 15 साल की उम्र से ही कोम शहर में स्थित एक शिया संस्थान में पढ़ाई शुरू कर दी थी। अपने छात्र जीवन में उन्होंने पश्चिमी देशों से समर्थित मोहम्मद रेजा शाह के खिलाफ प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। बाद में अयातोल्ला रुहोल्ला खुमैनी ने इस्लामिक क्रांति के जारिए साल 1979 में शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया था।





### 2021 में बने राष्ट्रपति

- सिर्फ 20 साल की उम्र में ही उन्हें तेहरान के करीब स्थित कराज का महा-अभियोजक नियुक्त कर दिया गया था।
- साल 1989 से 1994 के बीच रईसी, तेहरान के महा-अभियोजक रहे और इसके बाद 2004 से अगले एक दशक तक न्यायिक प्राधिकरण के डिप्टी चीफ रहे।
- साल 2014 में वो ईरान के महाभियोजक बन गए थे। ईरानी न्यायपालिका के प्रमुख रहे रईसी के राजनीतिक विचार 'अति कट्टरपंथी' माने जाते हैं।
- उन्हें ईरान के कट्टरपंथी नेता और देश के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयातुल्लाह अली खुमैनी का करीबी माना जाता है।
- वे जून 2021 में उदारवादी हसन रूहानी की जगह इस्लामिक रिपब्लिक ईरान के राष्ट्रपति चुने गए थे।
- चुनाव अभियान के दौरान रईसी ने खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रचारित किया था कि वे रूहानी शासन के दौरान पैदा हुए भ्रष्टाचार और आर्थिक संकट से निपटने के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं।
- इब्राहीम रईसी, शिया परंपरा के मुताबिक हमेशा काली पगड़ी पहनते थे, जो यह बताती है कि वो पैगंबर मुहम्मद के वंशज हैं।
- उन्हें हुज्जातुलइस्लाम यानी इस्लाम का सबूत की धार्मिक पदवी भी दी गई है।


### डेथ कमेटी के सदस्य

इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने न्यायपालिका में काम करना शुरू किया और कई शहरों में वकील के तौर पर काम किया। इस दौरान उन्हें ईरानी गणतंत्र के संस्थापक और साल 1981 में ईरान के राष्ट्रपति बने अयातोल्ला रुहोल्ला खुमैनी से प्रशिक्षण भी मिल रहा था। रईसी जब महज 25 साल के थे तब वो ईरान के डिप्टी प्रोसिक्यूटर (सरकार के दूसरे नंबर के वकील) बन गए। बाद में वो जज बने और साल 1988 में बने उन खुफिया ट्रिब्यूनल्स में शामिल हो गए जिन्हें 'डेथ कमेटी' के नाम से जाना जाता है। इन ट्रिब्यूनल्स ने उन हजारों राजनीतिक कैदियों पर 'दोबारा मुकदमा' चलाया जो अपनी राजनीतिक गतिविधियों के कारण पहले ही जेल की सजा काट रहे थे। इन राजनीतिक कैदियों में से ज्यादातर लोग ईरान में वामपंथी और विपक्षी समूह मुजाहिदीन-ए-खल्का (टएङ) या पीपुल्स मुजाहिदीन ऑगेर्नाइजेशन ऑफ ईरान (ढटडक) के सदस्य थे। इन ट्रिब्यूनल्स ने कुल कितने राजनीतिक कैदियों को मौत की सजा दी, इस संख्या के बारे में ठीक-ठीक मालूम नहीं है लेकिन मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इनमें लगभग 5,000 पुरुष और महिलाएं शामिल थीं।

फांसी के बाद इन सभी को अज्ञात सामूहिक कब्रों में दफना दिया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ता इस घटना को मानवता के विरुद्ध अपराध बताते हैं। इब्राहिम रईसी ने इस मामले में अपनी भूमिका से लगातार इनकार किया है लेकिन साथ ही उन्होंने एक बार यह भी कहा था कि ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता आयातोल्ला के फतवे के मुताबिक यह सजा 'उचित' थी।

### पायलट ने हेलीकॉप्टर से खो दिया था नियंत्रण

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पायलट ने होलीकॉप्टर से नियंत्रण खो दिया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। इस हादसे में राष्ट्रपति रईसी समेत बाकी सभी की मौत हो गई। बचाव टीमों से पता चल रहा है कि हेलीकॉप्टर का पूरा केबिन काफी क्षतिग्रस्त और जल गया है। बता दें कि यह घटना अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब दुर्घटना घटी, जो ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर है।




# बर्बरता के दो मामलों में इमरान को अदालत ने किया बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लंबे अरसे बाद थोड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान की एक सत्र अदालत ने सोमवार को जेल में बंद खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं को बर्बरता के दो मामलों में बरी कर दिया। बर्बरता के मामला मार्च 2022 के लंबे मार्च से जुड़ा हुआ है। कोहसर और कराची कंपनी पुलिस स्टेशनों में खान सहित अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे।

### मामले राजनीति से प्रेरित

फैसले के बाद इमरान खान के वकील नईम पंजोथा ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि पीटीआई संस्थापक के खिलाफ दर्ज मामले राजनीति से प्रेरित थे। लंबे मार्च के दौरान पीटीआई संस्थापक के खिलाफ बर्बरता का कोई सबूत नहीं मिला। इस्लामाबाद प्रशासन ने राजधानी शहर में धारा 144 लागू करने के लिए कोई अधिसूचना जारी ही नहीं की थी। खान के खिलाफ ऐसे कई मामले दर्ज किए गए हैं, अधिकांश में उन्हें बरी भी कर दिया गया है। खान के अलावा, अन्य नेताओं को भी अदालत ने बरी किया है।

### इन नेताओं को भी किया बरी

सोमवार को पीटीआई संस्थापक और पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने इमरान खान के अलावा, पीटीआई नेता जरताज गुल, अली नवाज अवान, फैसल जावेद, शाह महमूद कुरेशी, कासिम सूरी, राजा खुर्रम नवाज, शिरीन मजारी, सैफुल्लाह नियाजी, असद उमर और अवामी मुस्लिम लीग प्रमुख शेख राशिद अहमद को बरी किया है।

**तोशाखाना मामले में जेल में बंद खान :** बता दें, इमरान खान तोशाखाना मामले में उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। दरअसल, पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है।

अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है।

# पीएम मोदी के सुशासन के मुरीद हुए ब्रिटिश थिंक टैंक के संस्थापक, भाजपा के घोषणापत्र की भी तारीफ की

**लंदन।** देश में जब लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, ऐसे समय में ब्रिटेन के प्रमुख थिंक टैंक ग्लोबल ब्रिटेन सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष अमनदीप भोगल ने पीएम मोदी की सरकार की जमकर तारीफ की है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न सिर्फ भ्रष्टाचार कम हुआ है बल्कि जो एक चीज वो बिल्कुल सही कर रहे हैं, वो है सुशासन। मीडिया से बात करते हुए भोगल ने पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ की और कहा कि हम भी पीएम मोदी के नेतृत्व और सुशासन से सीख ले सकते हैं।

**ब्रिटेन के प्रमुख थिंक टैंक ग्लोबल ब्रिटेन सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष अमनदीप भोगल ने भारत के साथ मजबूत संबंधों की वकालत की**



### भाजपा के घोषणापत्र को बताया समावेशी

भोगल ने थिंक टैंक ग्लोबल ब्रिटेन सेंटर की कुछ साल पहले पूर्व पीएम बॉरिस जॉनसन के साथ मिलकर शुरूआत की थी। भाजपा के घोषणापत्र की तारीफ करते हुए भोगल ने कहा इसमें सभी भारतीयों के लिए समावेशी विकास की बात कही गई है, फिर चाहे लोग किसी भी पृष्ठभूमि के हों। भोगल ने कहा 'चाहे डिजिटल इंडिया हो, स्किल इंडिया या मेक इन इंडिया, ये सभी नीतियां जिन चीजों के लिए डिजाइन की गई हैं, उनमें पहली है घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना, दूसरा सभी भारतों का समावेशी विकास करना फिर चाहे वो किसी भी पृष्ठभूमि के हो। पीएम मोदी सिर्फ अल्पसंख्यक नीतियों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं बल्कि कह रहे हैं कि 218 नीतियां हैं, जो अल्पसंख्यकों के लिए भी हैं, इसलिए यह बहुत समावेशी एजेंडा है।'

गौरतलब है कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया है। साथ ही एक राष्ट्र-एक चुनाव की बात भी कही है।

ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने की बात कही है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्यता और 2036 ओलंपिक की मेजबानी जैसे वादे भी किए गए हैं।

भाजपा ने ये भी कहा है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और पार्टी ने अगले पांच साल और मुफ्त राशन योजना जारी रखने का भी वादा किया है।

# कंबोडिया और चीन युद्धाभ्यास 24 से 27 मई तक होगा

**कंबोडिया।** चीन के जल और थल में समान तौर पर काम करने वाला जिंगांगशान और किजीगुआंग प्रशिक्षण पोत रविवार को कंबोडिया के रीम नेवल बेस के उत्तर में स्थित सिहानोकविले बंदरगाह पहुंचा। ये युद्धपोत दोनों देशों के संयुक्त नौसैनिक अभ्यास के लिए यहां आए हैं। इसे लेकर अमेरिका फिक्रमंद है। 24-27 मई तक दोनों देश नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेंगे। दरअसल, रीम नेवल बेस में चीन ने एक बड़ी विस्तार परियोजना वित्त पोषित की है और इस पर अमेरिका और अन्य देश नजर रखे हुए हैं।



उन्हें फिक्र है कि यह थाईलैंड की खाड़ी में चीनी नौसेना के लिए एक नई चौकी बन सकती है। वजह, यह खाड़ी चीन के दावे वाले दक्षिण चीन सागर के नजदीक है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण शिपिंग लेन में से एक है जो चीन की मलक्का जलडमरूमध्य तक पहुंच आसान कर देगी। यह संयुक्त प्रशिक्षण दोनों देशों के बीच नियमित तौर पर होने वाले नौसैनिक अभ्यास गोल्डन ड्रैगन का हिस्सा है।

## पाकिस्तान का फिर छलका दर्द, डिप्टी पीएम डार बोले-

# पुलवामा हमले के बाद भारत ने हम पर लगा दिए थे 200 फीसदी शुल्क

**इस्लामाबाद।** खस्ताहाल पाकिस्तान का भारत के साथ कारोबारी संबंध न होने का दर्द फिर से छलका है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान से आयात पर भारत ने भारी शुल्क लगा दिया, जिसके कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध 2019 से निलंबित हैं।



शनिवार को नेशनल असेंबली में कहा, पुलवामा के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयात पर 200 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया। भारत ने कश्मीर बस सेवा व व्यापार को भी निलंबित कर दिया। पाकिस्तानी दैनिक डॉन के अनुसार, डार पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शर्मिला फारुकी के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने पड़ोसी देशों, खासकर भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों में आने वाली व्यापारिक चुनौतियों के बारे में जानकारी मांगी थी।

### कश्मीर राग भी छेड़ा

पाकिस्तान के विदेश मंत्री का भी पद संभाल रहे डार ने कहा, हम भारत के साथ जम्मू-कश्मीर समेत सभी मुद्दों के निपटारे के लिए लगातार रचनात्मक व परिणाम देने वाली वार्ता की वकालत कर रहे हैं। अब यह भारत पर निर्भर करता है कि वह शांति व संवाद के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करे।

**पहले शत्रुता मुक्त वातावरण बनाए पाकिस्तान :** वहीं, इस पूरे मामले पर शुरू से ही भारत कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी की तरह संबंधों की इच्छा रखता है। लेकिन, इसके लिए आतंक व शत्रुता मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद पर है।

**कारोबार के लिए उत्सुक हैं व्यापारी :** डार ने इसी साल मार्च में लंदन में संवाददाताओं के साथ बातचीत में भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय की उत्सुकता पर प्रकाश डाला था।

# नेपाल के पीएम प्रचंड ने 18 महीने में चौथी बार जीता विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) के नेता प्रचंड ने 18 महीने के भीतर चौथी बार विश्वास मत जीता है।

सोमवार को विश्वास प्रस्ताव पर नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में प्रंचड को 157 सदस्यों का समर्थन हासिल हुआ। सीपीएन (माओवादी केंद्र) प्रतिनिधि सभा में तीसरा सबसे बड़ा दल है। उसको नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का भी समर्थन मिला।



**157 सदस्यों का मिला समर्थन, 2022 में बने थे पीएम**

### 158 सांसदों ने लिया हिस्सा

मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया। जबकि एचओआर के एक सदस्य ने किसी का साथ नहीं दिया। यह मतदान गठबंधन सहयोगियों में से एक जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) द्वारा पिछले सप्ताह गठबंधन सरकार से अलग होने के बाद हुआ है।

दिसंबर 2022 में पुष्प कमल दहल ने प्रधानमंत्री पद ग्रहण किया था। इसके बाद से ये चौथा मौका है, जब उन्होंने सदन में विश्वास मत हासिल किया है। प्रंचड ने नेपाली कांग्रेस से अलग होकर नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ एक नया गठबंधन बनाया है।

नेपाल के संविधान के हिसाब से किसी सहयोगी दल के सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करना होता है। ऐसे में सोमवार को नेपाली संसद में विश्वास मत पर वोटिंग हुई।

# पीओके के पूर्व पीएम गिरफ्तार, संपत्ति हथियाने और गोलीबारी की घटना में शामिल होने का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के पूर्व प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इलियास खान को पारिवारिक संपत्ति विवाद मामले में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद उन्हें मार्गल्ला पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया। कैपिटल पुलिस ने भी उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। इलियास को पारिवारिक संपत्ति जब्त करने और गोलीबारी की एक घटना में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।



**इलियास के अलावा आरोपियों की सूची में मोहम्मद अली, अनिल सुल्तान, रिजवान और अन्य संदिग्धों के नाम भी शामिल हैं। एफआईआर के अनुसार, सरदार तनवीर इलियास 20 से 25 व्यक्तियों के एक सशस्त्र समूह के साथ सेंटोरस मॉल के परिसर पर नियंत्रण करने के इरादे से ताला तोड़कर मॉल के कार्यालय 1708 में दाखिल हुए थे।**

### इलियास की गिरफ्तारी के बाद समर्थकों का प्रदर्शन

इलियास की गिरफ्तारी के बाद वकील और उनके समर्थक पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करने लगे, जबकि पार्टी के कार्यकर्ता उनके आवास के बाहर इकट्ठा हुए। एक मई को इलियास के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उनपर सेंटोरस मॉल के केंद्रीय कार्यालयों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। सेंटोरस मॉल के डिप्टी सुरक्षा प्रभारी कर्नल (सेवानिवृत्त) टीपू सुल्तान ने इलियास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

### आरोपियों की सूची में अन्य नाम भी शामिल

इलियास के अलावा आरोपियों की सूची में मोहम्मद अली, अनिल सुल्तान, रिजवान और अन्य संदिग्धों के नाम भी शामिल हैं। एफआईआर के अनुसार, सरदार तनवीर इलियास 20 से 25 व्यक्तियों के एक सशस्त्र समूह के साथ सेंटोरस मॉल के परिसर को कब्जा करने के इरादे से ताला तोड़कर मॉल के कार्यालय 1708 में दाखिल हुए थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सुरक्षा गर्ड के उनके इस प्रयास को नाकाम कर दिया। सरदार तनवीर इलियास ने सरदार इलियास खान और सरदार डॉ. राशिद इलियास खान को जान से मारने की भी धमकी दी थी।

एफआईआर में बताया गया कि तनवीर इलियास और उनके सहयोगियों ने सुरक्षा अधिकारी पर हमला भी किया। घटना की जानकारी मिलने पर कानून प्रवर्तन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां सरदार तनवीर इलियास ने कर्नल (सेवानिवृत्त) टीपू सुल्तान पर गोली चलाई, जिसमें वह (टीपू सुल्तान) बाल-बाल बच गए।

# रूस ने यूक्रेन पर दागी दो मिसाइलें, गर्भवती महिला सहित 10 लोगों की मौत, 25 घायल

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच रविवार को रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हमला कर दिया। हमले में 10 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी शहर खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने सोशल मीडिया पर बताया कि दो रूसी मिसाइलों ने एक रिसॉर्ट पर हमला किया। यहां लोग आराम कर रहे थे। हादसे में 10 लोगों की मौत के अलावा 25 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है।




### 15-20 मिनट के अंतराल पर दो विस्फोट

स्थानीय अधिकारी ने बताया कि खार्किव के बाहरी इलाके के एक रिसॉर्ट पर हमला हो गया, जिसमें पांच लोग मारे गए और 16 घायल हो गए। वहीं, दूसरा हमला कुपियांस्क जिले के दो गांवों में हुआ। इसमें पांच और लोग मारे गए और 9 घायल हो गए। रूस ने 15-20 मिनट के अंतराल पर दो विस्फोट किए। हमले के दौरान रिसॉर्ट के सामने रहने वाली एक महिला वेलेंटीनी घर पर ही थी। उसके चेहरे पर खून था। रोते-रोते उसने बताया कि विस्फोट में उसके पति की मौत हो गई। महिला ने रोते हुए कहा कि रूस जानवर है। निर्दोष लोगों पर क्यों हमला किया जा रहा है।

**राष्ट्रपति बोले- दुनिया आतंक को रोक सकती है :** रविवार के हमले के बाद राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया रूसी आतंक को रोक सकती है। और ऐसा करने के लिए नेताओं के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दूर करना होगा। एक पुलिस अधिकारी यारोस्लाव ट्रोफिमको ने बताया कि यहां कोई भी सैनिक नहीं था। यहां लोग आराम करने आते हैं। यहां बच्चों थे। महिलाएं थीं। सभी सामान्य लोग थे, जो छुट्टी का मजा ले रहे थे।

23 फरवरी 2022 की रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन का एलान किया। चंद घंटे बाद यानी 24 फरवरी की तड़के सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के शहरों में हवाई हमले होने लगे। रूस के इस हमले से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। उधर यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की।

युद्ध के शुरू होने के साथ शुरू हो गया दुनिया का दो धड़ों में बंटना। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए तो अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए इसको मदद पहुंचानी शुरू कर दी। दूसरी ओर चीन, दक्षिण कोरिया, ईरान जैसे देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस के साथ खड़े हैं।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सुनीं जनसमस्याएं, प्रतिदिन करते हैं शिकायतों का निस्तारण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जन समस्याओं का निदान करने को तत्पर रहने वाले जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को अपने कार्यालय में आये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर लगता है कुछ अलग ही राहत महसूस होती है। कलक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर कार्य दिवस के दौरान लगभग प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे या जनसुनवाई के दौरान ज्यादा लोगों के आने पर 02 बजे तक जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुनना यह दर्शाता कि जिलाधिकारी परेशान लोगों की फिक्र रहती है। जनता द्वारा उन्हें लिखित में शिकायतें/समस्याएं प्रेषित की जाती हैं। जिलाधिकारी द्वारा ज्यादातर शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों द्वारा करवा दिया जाता है। इसके अलावा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारियों को समय दे दिया जाता है और प्रार्थियों को हिदायत दी जाती है कि यदि समयान्तराल कार्य पूरा ना हो तो वह दोबारा आकर मिलें। सम्बंधित अधिकारियों द्वारा समयान्तराल में ही शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। जनसुनवाई के दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम एलए शैलेन्द्र कुमार भाटिया, सिटी मजिस्ट्रेट अजय अंबष्ट उपस्थित रहे।

# किशोर श्रमिकों को लेकर सार्वजनिक स्थानों पर अधिकारियों ने मारा छापा, दो दबोचे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर पैसों के लालच में किशोरों से श्रम कराने के लिए कई विभागों ने मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई की।

जिसमें डासना क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन)1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत श्रम विभाग गाजियाबाद, एएचटीयू जनपद गाजियाबद, चाईल्ड लाईन एवं एनजीओ सहयोग केयर फॉर यू की संयुक्त टीम द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराने का सामूहिक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मेसर्स काका सर्विस सेन्टर,



गोविन्दपुरम गाजियाबाद, मेसर्स न्यू इंडियन फर्नीचर एण्ड रिपेयर वर्क्स हापुड रोड, गाजियाबाद, मेसर्स ए-वन चिकन प्वाइंट थाना मसूरी गाजियाबाद, मेसर्स सुपर फाइन स्टार बेकरी थाना वेव सिटी डासना गाजियाबाद, मेसर्स एसएस ऑटो स्पेयर पार्टस थाना मसूरी, डासना गाजियाबाद एवं मेसर्स आमिर कार श्रृंगार थाना वेव सिटी डासना, गाजियाबाद से कुल दो किशोर श्रमिकों का चिन्हित किया गया। जिसमें पाया गया है कि इन प्रतिष्ठानों पर इन किशोरों को पैसों के लालच में मजदूरी व श्रम करवाया जा रहा था। छापेमारी के दौरान कई दुकान व ढ़ाबे वालों को चेतावनी भी दी गई है कि वह ऐसे किशोरों को अपने यहां ना रखें।

वहीं कई दुकानों की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी करवाई गई है कि इस प्रकार से अनैतिक कार्य नहीं करवाया जाए। कार्रवाई करने वाली टीम में संदीप कुमार सिंह, डा. रूपाली एवं हंस राज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी गाजियाबाद, तरूणा सिंह प्रभारी एएचटीयू जनपद गाजियाबद, ऊषा रानी, केस वर्कर, चाईल्ड लाईन एवं रिजवान अली, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सहयोग केयर फॉर यू एनजीओ अभियान में उपस्थित रहे।

# फरीदनगर की चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू महाशक्ति ने डीएम को दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तहसील मोदीनगर की नगर पंचायत फरीदनगर में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बाहर से आये व्यापारियों को सड़क पर चक दिये जा रहे हैं, किसानों का लगातार शोषण किया जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि नगर पंचायत फरीदनगर में हरिजनों के पट्टे वसीयत द्वारा सामान्य जाति के लागों को दिये गये हैं तथा छोटे किसानों को बड़े किसानों से पैसे लेकर परेशान किया जा रहा है। किसानों की जमीन की खरीद-फरोख्त में चकबंदीकर्मी लिप्त रहते



हैं। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील लोधी ने कहा कि 16 जून 23 को प्रदेश के मुख्यमंत्री, मेरठ मंडल के कमिश्नर एवं जिलाधिकारी गाजियाबाद को इस आशय की लिखित में शिकायत की थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन ने भ्रष्टाचार में लिप्त चकबंदी कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत फरीदनगर को चकबंदी प्रक्रियाओं से अलग करने की मांग की है।

# मोहन नगर में महिला ने कराया पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर में एक खोके वाले व्यक्ति की मां ने क्षेत्रीय पार्षद पर मारपीट व छीना झपटी का मामला साहिबाबाद थाने में दर्ज कराया है। पीड़ित सीता देवी ने थाने में शिकायत दी कि उनके पति के साथ मारपीट की गई।

इस दौरान उनके दोनों बेटों को भी मारा और जाते समय धमकी देकर गये कि अगर पुलिस में रिपोर्ट की या समाज में किसी को बताया तो तुम्हारी पूरी फैमिली को जान से मार दूंगा। सीता देवी ने कहा कि वह एक छोटी सी दुकान चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है।

पार्षद सुधीर कुमार ने बताया




रात को मोहन नगर से जब गुजर रहा था तो खोखे पर भीड़ लगी थी , खोखे पर शराब व गांजा बिकता है उसका विरोध किया था। खोके वाले ने कहा जो तुम्हें करना है कर लो मेरी पहचान बड़े-बड़े लोगों तक है। मैंने कहा वार्ड में किसी तरह का गलत काम हो रहा होगा तो में विरोध करूंगा।

# खोड़ा गीतांजलि विहार के मकान में लगी आग, दमकलकर्मियों ने पाया काबू

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा गीतांजलि विहार स्थित एक मकान के तीसरे तल पर अचानक भीषण आग लग गई थी। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली को देर रात लगभग 12 बजे सूचना मिली थी कि खोड़ा गीतांजलि विहार की गली नम्बर 7 में रहने वाले अनिल कुमार मिश्रा के मकान के तीसरे तल में अचानक भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 02 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए,



घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग भवन के तीसरे तल पर लगी थी और आग काफी तेज थी साथ ही रास्ता संकरा होने के कारण फायर टैंडर घटनास्थल पर नहीं पहुँच पाये। फायर यूनिट ने तत्काल फायर स्टेशन कोतवाली में ड्यूटी पर तैनात वॉटर मिस्ट को घटनास्थल पर बुलाया।

वॉटर मिस्ट के आने तक फायर यूनिट ने नगर निगम के ट्रैक्टर के दो टैंकरों से पानी लेकर फायर फाइटिंग करना शुरू किया। साथ ही फायर टैंडरो से ट्रैक्टर के टैंकों को पानी दिया गया, वॉटर मिस्ट कि आने के बाद फायर यूनिट ने शीघ्रता से होजरी फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया। फायर यूनिट ने अपनी कार्यशैली से आस-पास के इलाके को सुरक्षित बचा लिया और एक बड़ी घटना होने से बचाया गया। इस आग में घर का कुछ सामान जैसे बैड, कूलर, कपड़े तथा रसोई में रखा कुछ सामान जल गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# सहयोग ट्रस्ट ने हनुमान चालीसा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सहयोग ट्रस्ट द्वारा हनुमान चालीसा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सहयोग ट्रस्ट की चेयरपर्सन व वसुंधरा मंडल संयोजक निशी त्यागी ने बच्चों को सनातन के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में 1500 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक गुंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं राघवेंद्र प्रसाद स्मृति कौशल विकास के सहयोग से



आयोजित की गईं। इसी के अंतर्गत सनातन धर्म से बच्चों को आध्यात्मिक स्तर पर जोड़ने के लिए यह प्रतियोगिता करवाई गई और इसमें संस्था के संस्थापक अनूप कुमार सक्सेना और सचिव अनूप उपाध्याय, उप सचिव कल्पना सक्सेना एवं निर्णायक मंडल में रहे, डॉ. महंत पंकज शाह ने बच्चों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय का आंकलन किया। इस दौरान सहयोग ट्रस्ट से सीमा, सुधा, शैलजा, संजीव, रमेश , बबीता, पीयूष भट्ट के द्वारा बच्चों को पुरस्कार, फल और मिठाई बांटी गई एवं सर्वानद संस्था के मार्गदर्शक इंद्रमणि पांडे एवं पंचम चौधरी, सदस्य पूजा पाल, अर्पित विमी, अभिनव, घनश्याम सैनी, अंकिता, अमन रजनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती को लेकर कनावनी के लोगों ने किया विरोध

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कनावनी के लोगों ने इंदिरापुरम के बिजली घर पर विरोध प्रकट किया। इंदिरापुरम के ग्राम कनावनी के जेई से लोगों ने बिजली कटौती की शिकायत की। लोगों ने बताया कि आये दिन भीषण गर्मी के चलते भी बिजली कटौती की जा रही है। लोग रातों को तीन दिन से सो नहीं पा रहे हैं। चार-चार घंटे की कटौती से परेशान लोगों ने इंदिरापुरम की बिजली घर पर विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद गुस्साएं लोगों ने ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज किया। हालांकि बिजली अधिकारियों का कहना है। कि ज्यादा लोड के कारण ऐसी स्थिति बन जाती है जिससे कि शटडाउन लेने की स्थिति बन जाती है जिस कारण बिजली कट आउट करना पड़ता है। इसको लेकर बिजली विभाग में आला अधिकारियों को भी अवगत कराया है कि ज्यादा लोड के कारण लाइट



चली जाती है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर एक बड़ा ट्रांसफार्मर हाल ही में लगाने के लिए उच्च स्तर पर काम चल रहा है। जल्द बड़ा ट्रांसफार्मर रखा जाएगा इसके बाद बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान हो पाएगा तब तक के लिए रात्रि के एक से डेढ़ घंटे के बीच ओवरलोड के कारण मजबूरन लाइट की कटौती करनी पड़ती है।

# इंग्राहम इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ समारोह का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंग्राहम इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मोहिनी सैंपसन के नेतृत्व में मुन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं व शिक्षकों ने हिस्सेदारी की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुज स्वरूप रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर के द्वारा किया गया, उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाया व उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विंग कमांडर पी जेथ्रो ने सभी सहभागियों से बातचीत की वह उनका मनोबल बढ़ाया । कार्यक्रम का आरंभ पवित्र बाइबल के पाठन व प्रार्थना से किया गया । उसके पश्चात विद्यालय की गायन मंडली ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। छात्रों ने देश प्रेम, एकता व अखंडता को नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया ।

विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथिगणों का स्वागत किया व उनका आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में हमारे एवं अन्य विद्यालयों के 200 छात्र व छात्राओं ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ सहभागिता की । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों व अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया ।

# सुन्दरदीप ग्रुप के छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस के 20 विद्यार्थियों का प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कम्पनी चेतु इंडिया प्रा0 लि0 में चयन हुआ। इस चयन प्रक्रिया में बीटेक, कंप्यूटर साइंस, एमसीए एवं बीसीए के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के माध्यम से 20 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सुन्दरदीप अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयासरत है जिसके फल-स्वरूप



यहां के छात्र एवं छात्राएं देश-विदेश में भारत का नाम रोशन कर रहे है।

सुन्दरदीप ग्रुप के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो0 डॉ0 आरके खंडाल, वाइस चांसलर प्रो0 डॉ0 शक्ति कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, हेड सीआरसी अमित भारद्वाज, प्रो0 डॉ0 संदीप गुप्ता एवं सभी शिक्षकों द्वारा चयनिय विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चुनावी चर्चा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता अम्बरीश त्यागी ने लखनऊ लोकसथा चुनाव में काफी सक्रियता दिखाई। मतदान के दिन वह रक्षामंत्री एवं लोकसभा उम्मीदवार राजनाथ सिंह से मिले, उन्हें लोकसभा चुनाव के क्या गुणाभाग रहे, इस बारे में अवगत कराया। गौरतलब है कि भाजपा में आने से पहले अम्बरीश त्यागी बड़े पॉलिटिकल विश्लेषक रहे हैं। चुनावों को लेकर उनके विश्लेषण कई मौकों पर सटीक साबित हुए हैं। उन्होंने लखनऊ में भाजपा की प्रचंड जीत की जानकारी दी है।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में समर कैम्प का आयोजन 25 मई तक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन स्थित आरकेजी ग्लोबल स्कूल में 25 मई तक स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, यह समर कैंप 19 मई को शुरू हुआ था। बड़े उत्साह के साथ, छात्रों ने ए आई और रोबोटिक्स, शूटिंग, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य, वैदिक गणित, अंग्रेजी स्पोकन, फ्रेंच, योग, खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, ट्रैक इवेंट, ताइक्वांडो और कई अन्य गतिविधियों में भाग लिया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम तलाशने की गतिविधियां दर्शाई गईं। चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल व वाइस चेयरमैन आंचल गोयल के उत्साहवर्द्धन के साथ कैम्प की शुरूआत की गई । ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरूआत सम्मानित समूह निदेशक सत्येन्द्र कुमार और स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती शिल्पा टी.आर. और सभी अध्यापकों की उपस्थिति में रिबन काटने की रसम के साथ हुई।

चेयरमैन व उप चेयरमैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया । समारोह में छात्रों को विभिन्न कौशल सीखने की शुभकामनाओं के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरूआत हुई, जो छात्रों के समग्र विकास में योगदान देगा।





## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां एक ऐसा शब्द है जिसमे पूरा संसार समाया है। मां प्रथम देवता हैं मां प्रथम पाठशाला है, मां संस्कार है। अपनी मां को समर्पित इस पोस्ट में पूर्व पार्षद हिमांशु लव भावविह्वल हो गए। 20 मई 2021 को कोरोना ने हिमांशु लव के सिर से उनकी मां का साया छीन लिया था। मां की पुण्य तिथि पर एक बेटे ने मां को याद किया और पूरे परिवार के लिए मां के आशीर्वाद की कामना की। मां की यादों को समेटे एक बेटे की भावनाओं को व्यक्त करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।